www.anokhateer.com
anokhateer@gmail.com
पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

Epaper

दैनिक
# अनोखा तीर
हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित
निशाने पर हर खबर

23 अप्रैल 2026
हरदा, गुरुवार
वर्ष-15, अंक - 314, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
वैशाख शुक्ल पक्ष - 6
विक्रम संवत् 2083

### मोहन कैबिनेट ने किसानों को दिया बड़ा तोहफा

## जमीन अधिग्रहण पर अब मिलेगा चार गुना मुआवजा

**सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क जैसे अधोसंरचना निर्माण तथा विकास के लिए 33 हजार 985 करोड़ रूपए की स्वीकृति**

**भोपाल (नप्र)।** मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में किसानों के हित में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए कृषि भूमि के भूअर्जन पर गुणन कारक (मल्टीफिकेशन फैक्टर) को दोगुना करते हुए 2.0 कर दिया गया है। इससे अब अधिग्रहित

- **इन्दौख-रुदाहेड़ा सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के लिए 157 करोड़ 14 लाख रूपए की स्वीकृति**

कृषि भूमि का मुआवजा किसानों को दोगुना के स्थान पर बाजार दर से 4 गुना प्राप्त होगा। यह निर्णय संपूर्ण प्रदेश की ग्रामीण क्षेत्र की कृषि भूमि के अधिग्रहण पर लागू होगा। मंत्रि-परिषद ने नगरीय सीमा में मुआवजा गुणन कारक को यथावत एक रखा गया है। मंत्रि-परिषद ने इसके साथ सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क जैसे अधोसंरचना निर्माण तथा विकास के कार्यों के लिए लगभग 33 हजार 985 करोड़ रूपये की स्वीकृति भी दी है। । कैबिनेट ने मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पतालों में मरीजों के परिजनों के लिए शेल्टर होम बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। शेल्टर होम में मरीज के परिजनों को रुकने और खाने की व्यवस्था सस्ती दरों पर मिल सकेगी। यह व्यवस्था निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों में भी लागू होगी।



### इन्दौख-रुदाहेड़ा सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के लिए 157 करोड़ 14 लाख रूपए

मंत्रि-परिषद द्वारा उज्जैन जिले की इन्दौख- रुदाहेड़ा सूक्ष्म सिंचाई परियोजना की लागत राशि 157 करोड़ 14 लाख रूपये, सैंच्य क्षेत्र 10,800 हेक्टेयर की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है। परियोजना से झारड़ा तहसील के 35 ग्रामों को सिंचाई सुविधा का लाभ होगा। मंत्रि-परिषद द्वारा छिन्दवाड़ा सिंचाई कॉम्पलेक्स परियोजना में पुनर्वास के लिये स्वीकृत राशि 840 करोड़ 80 लाख रूपये के स्थान पर लगभग 969 करोड़ रूपये का विशेष पुनर्वास पैकेज स्वीकृति किया गया है।

### लोक निर्माण अंतर्गत विकास कार्यों के लिए 25,164 करोड़ रूपए की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद द्वारा लोक निर्माण विभाग अंतर्गत विकास कार्यों के लिए 25,164 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गई है। निःशुल्क साइकिल प्रदाय योजना और शैक्षणिक संस्थानों के उन्नयन के लिए 2,191 करोड़ रूपये की स्वीकृति-मंत्रि-परिषद द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत ग्राम क्षेत्रों में शासकीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं एवं कक्षा 9 वी में अध्ययनरत विद्यार्थियों को साइकिल प्रदाय करने से संबंधित निःशुल्क साइकिल प्रदाय योजना को वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक निरंतर रखने के लिए 990 करोड़ रूपये।

### सिंचाई क्षेत्र के लिए भी बड़ा फैसला

वहीं, राज्य सरकार सिंचाई क्षेत्र को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उसी क्रम में बड़ी राशि स्वीकृत की गई है। सिंचाई क्षेत्र को बढ़ाने का लक्ष्य किया गया है। दो लाख हेक्टेयर तक सिंचित करने की योजना है, और इस दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं। राज्य मंत्री पटेल ने राज्य सरकार द्वारा सिंचाई योजनाओं सहित विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृत की गई राशि का विवरण भी दिया।

### कैबिनेट की अहम बातें

- मोहन कैबिनेट में सीएम केयर योजना 2026 को मंजूरी दी
- शिक्षा प्रशिक्षण संस्थानों के लिए 1200 करोड़ रुपए मंजूर
- अगले पांच साल में छात्रों को साइकल बांटने पर 990 करोड़ रुपए खर्च होंगे

### कैबिनेट ने शेल्टर होम बनाने का लिया निर्णय

इसके साथ ही मोहन कैबिनेट ने मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पतालों में मरीजों के परिजनों के लिए शेल्टर होम बनाने की मंजूरी दी है। शेल्टर होम में मरीज और उनके परिजनों को रुकने और खाने की व्यवस्था होगी। इसकी व्यवस्था सस्ती दरों पर होगी।

### भू-अर्जन पर बाजार दर का 4 गुना मुआवजा मिलने से किसानों को होगा जबरदस्त फायदा

मंत्रि-परिषद ने किसानों के हित में एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए मध्यप्रदेश भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार नियम 2015 के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के लिए गुणन कारक को बढ़ाकर 2.0 कर दिया गया है, जिससे किसानों को अब उनकी कृषि भूमि का बाजार दर से 4 गुना मुआवजा मिलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस निर्णय से सिंचाई परियोजनाओं, सड़क, पुल, रेलवे और बांध निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा अधिग्रहित की जाने वाली कृषि भूमि पर किसानों को अधिक राशि मिल सकेगी। इससे न केवल विकास कार्यों में तेजी आएगी, बल्कि भूमि देने वाले किसान परिवारों की आर्थिक स्थिति में भी व्यापक सुधार होगा। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, श्री राकेश सिंह और श्री चेतन्य कुमार काश्यप की उप-समिति ने अनुशंसा की थीं। उप-समिति ने अन्य राज्यों की नीतियों का अध्ययन करने के साथ ही विभिन्न् किसान संगठन क्रेडाई,सीआईआई और फिक्की से चर्चा के बाद यह रिपोर्ट तैयार की थी। सरकार के इस पारदर्शी और किसान-हितैषी निर्णय से प्रदेश के हजारों परिवारों को सीधा लाभ पहुँचेगा।



## राज्यपाल पटेल से भारतीय विदेश सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी मिले

**भोपाल (नप्र)।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल से बुधवार को लोकभवन में भारतीय विदेश सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। राज्यपाल पटेल का पौधा, शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। राज्यपाल पटेल ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। बधाई और शुभकामनाएं दी। राज्यपाल पटेल को आर.सी.व्ही.पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी के संचालक मुजीबुर्रहमान ने प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी।

### पानी बचाने में मध्यप्रदेश है देश में तीसरे स्थान पर

## जल संरक्षण में सभी की सहभागिता हो, सबको जोड़ें : सीएम यादव



**भोपाल (नप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जल बचाने में समाज की भागीदारी जरूरी है, इसीलिये प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान से सब जुड़े, सभी अपना सहयोग दें, हम सबको मिल-जुलकर यह करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पानी बचाना हमारी संस्कृति का हिस्सा रहा है। हम सालों से इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के जरिए जल संरक्षण को जल आंदोलन का रुप दिया जा रहा है। यह अभियान की सफलता ही है कि हमारा मध्यप्रदेश जल संचयन के मामले में नेशनल रैंकिंग में तीसरे स्थान पर आया है। प्रदेश में जल संरक्षण के लिए लगभग 6 हजार 278 करोड़ का वित्तीय लक्ष्य तय किया गया है। विभिन्न श्रेणियों के कुल 2.44 लाख से अधिक जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्य चिन्हित कर करीब 6 हजार 236 करोड़ रुपये की लागत से जल विकास-निकास एवं विस्तार कार्य कराये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को मंत्रि-परिषद् की बैठक से पहले मंत्रीगण से अनौपचारिक चर्चा में यह जानकारी देकर सभी को अपने प्रभार के जिलों में इस अभियान की नियमित समीक्षा करने तथा जल संचायन के लिए आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मंत्रीगण को बीते सप्ताह में राज्य सरकार को मिली विशेष उपलब्धियों की जानकारी भी दी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में इसी साल 12 जनवरी से 31 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया गया। अभियान में सरकार को 45.69 लाख से अधिक आवेदन मिले। इनमें से 47.68 लाख प्रकरणों का समाधान करते हुए 99.90 प्रतिशत आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह अभियान नागरिकों की समस्याओं के समाधान और उनकी जरूरतों की पूर्ति की दिशा में बेहद अच्छा प्रयास साबित हुआ। इसने प्रदेश में पारदर्शी, जवाबदेह एवं जनोन्मुखी प्रशासन को और मजबूत किया है।

### अमरकंटक को 'नो मूवमेंट-नो कंस्ट्रक्शन जोन' बनाने की आवश्यकता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रीगण को बताया कि नर्मदा माता के उद्गम स्थल अमरकंटक को धार्मिक और पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए 13 अप्रैल को अमरकंटक में ही नर्मदा समग्र मिशन की बैठक हुई। उन्होंने कहा कि यह मनोरम स्थल प्रकृति की गोद में आध्यात्मिक शांति पाने का उत्तम केंद्र है। हम इस स्थल के विकास के लिए सभी जरूरी कदम उठा रहे हैं। अमरकंटक को 'नो मूवमेंट एवं नो कंस्ट्रक्शन जोन' निर्धारित करने की आवश्यकता है, जिससे यहां सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि हम अमरकंटक का इकोलॉजिकल बैलेंस मेंटेन रखने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, ताकि मोक्षदायिनी (पापनाशिनी) नर्मदा माता की शुचिता और पवित्रता अक्षय बनी रहे।

### स्कूल शिक्षा में 15 अप्रैल को आया पिछले 16 साल का सर्वश्रेष्ठ परिणाम - बेटियां रहीं अव्वल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 15 अप्रैल को मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा ली गई कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम घोषित हुआ। हमेशा की तरह इस बार भी होनहार बेटियां अव्वल रहीं। हमारी बेटियों को बेटों से 10 प्रतिशत अधिक सफलता मिली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि इस बार के परिणाम पिछले 16 सालों के बोर्ड परीक्षा परिणामों में सर्वश्रेष्ठ रहे। यह हमारी सरकार द्वारा शैक्षणिक गुणवत्ता के लिए किए जा रहे नवाचारों और सांदीपनि विद्यालयों की सफलता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि परीक्षा में असफल विद्यार्थियों को 'रुक जाना नहीं परीक्षा योजना' के तहत 'द्वितीय परीक्षा अवसर' भी दिया जा रहा है।

## सतना में अनियंत्रित होकर नहर में गिरा सरिया लदा ट्रक, तीन की दर्दनाक मौत

**सतना (नप्र)।** मध्यप्रदेश में सतना-रीवा नेशनल हाईवे-39 पर बुधवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसा सामने आया है। नेमुआ मोड़ के पास सरिया से लदा एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए सीधे नहर में जा गिरा। इस हृदय विदारक घटना में ट्रक सवार चालक, क्लीनर और एक मजदूर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। ट्रक के केबिन में फंसे शवों को निकालने के लिए पुलिस को कटर मशीन और क्रेन की मदद लेनी पड़ी है। तब जाकर सभी के शव बाहर निकाले जा सके हैं।

जानकारी के अनुसार, हादसा सुबह करीब 8 बजे के आसपास हुआ। सरिया लोड कर जा रहा ट्रक जैसे ही नेमुआ मोड़ के पास पहुंचा, चालक ने संतुलन खो दिया। ट्रक डिवाइडर से टकराते हुए उसे पार कर गया और गहरे ढलान के साथ नहर में जा गिरा। ट्रक इतनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ कि अंदर सवार तीनों लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला और वे मलबे व सरियों के बीच दब गए।



### कटर मशीन से काटकर निकाले गए शव

राहगीरों की सूचना पर रामपुर बघेलान थाना प्रभारी संदीप चतुर्वेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। ट्रक की बॉडी पिचक जाने के कारण शव अंदर बुरी तरह फंसे हुए थे। पुलिस ने क्रेन बुलाकर पहले ट्रक को सीधा कराया, जिसके बाद दो शव निकाले जा सके।

**हाईवे पर लगा रहा लंबा जाम-** हादसे की भयावहता को देखते हुए एडिशनल एसपी और तहसीलदार सुजीत नागेश भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

## सीएम बोले- कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे माफी मांगें, पीएम पर टिप्पणी निंदनीय

### मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था- मोदी आतंकवादी की तरह, बाद में कहा- ऐसा नहीं बोला

**भोपाल (नप्र)।** तमिलनाडु चुनाव प्रचार में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पीएम मोदी को आतंकवादी कहने पर एमपी के मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई है। सीएम मोहन यादव ने बयान की निंदा करते हुए खड़गे से माफी मांगने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष का इस तरह का बयान गैर-जिम्मेदाराना है, उनको अपने आचरण और व्यवहार पर विचार करना चाहिए। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री जैसे पद पर बैठे व्यक्ति के लिए इस तरह की टिप्पणी निंदनीय है। मैं मांग करता हूं कि कांग्रेस अध्यक्ष माफी मांगें और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचें।

### खड़गे ने कहा था- मोदी आतंकवादी की तरह

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चेन्नई में मंगलवार को पीएम मोदी को आतंकवादी कह दिया था। हालांकि, विवाद बढ़ने के बाद खड़गे ने अपने बयान पर सफाई दी। खड़गे ने कहा था 'मोदी एक आतंकवादी की तरह हैं जो समानता में विश्वास नहीं रखते। उनकी पार्टी भी समानता और न्याय में विश्वास नहीं रखती।' उन्होंने कहा था कि पीएम मोदी लोगों और राजनीतिक पार्टियों को डरा रहे हैं। मैंने कभी नहीं कहा कि वह आतंकवादी हैं। मेरा मतलब है कि मोदी हमेशा धमकी देते हैं।

## शाजापुर में हाईवे पर गदर, गेहूं रिजेक्ट हुआ तो भड़के किसान

**शाजापुर (नप्र)।** मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले के कालापीपल क्षेत्र में मंगलवार को उस समय अजीबोगरीब स्थिति बन गई, जब अपनी उपज बेचने आए किसानों का धैर्य जवाब दे गया। ग्राम खरदौनकलां स्थित श्रीराम वेयरहाउस पर सर्वेयर द्वारा गेहूं रिजेक्ट किए जाने से नाराज किसानों ने कालापीपल-कुरावर स्टेट हाईवे पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियां खड़ी कर चक्काजाम कर दिया। करीब एक घंटे तक हाईवे पर पहिए थमे रहे, लेकिन इस तनावपूर्ण माहौल के बीच किसानों का एक मजाकिया अंदाज भी देखने को मिला।

### जाम में फंसे दूल्हे से बोले- 'करो जोरदार अभिनंदन'




**चक्काजाम में दूल्हे से ठिठोली-** जाम के दौरान वहां से एक दूल्हा अपनी दुल्हन के साथ निकल रहा था। किसानों ने दूल्हे की गाड़ी को रोक लिया और उसे पास बुलाकर मजाकिया अंदाज में पूछा- कहो बंशीलाल जी, इतनी धूप में खड़े होकर कैसा लग रहा है? करो इनका जोरदार अभिनंदन। जब किसानों ने पूछा कि मुहूर्त तो नहीं निकल रहा, तो दूल्हे ने हंसते हुए जवाब दिया- लगन तो हो गई, अब तो बस देवी-देवताओं की पूजा करने जा रहे हैं।

### 3-3 बार फेल हो रहा सैंपल

किसानों का आरोप है कि उपार्जन केंद्र पर अधिकारी नमी और गुणवत्ता का हवाला देकर बार-बार गेहूं लौटा रहे हैं। एक किसान ने बताया कि तीन-तीन बार सैंपल फेल होने से उन्हें बार-बार ट्रैक्टर का किराया और भारी भाड़ा वहन करना पड़ रहा है। मौसम के बदलते मिजाज और बारिश की आशंका ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। उनकी मांग है कि नमी के मानकों में छूट दी जाए और तुलाई तुरंत शुरू की जाए।सर्वेयर की मनमानी बर्दाश्त नहीं होगी। किसान पहले ही मौसम की मार झेल रहा है, ऊपर से नमी के नाम पर परेशान करना गलत है। 3 बार सैंपल फेल होने का मतलब है किसान पर दोगुना आर्थिक बोझ।



## कान्हा में भूख ने ली बाघ शावक की जान, शव के पास बैठी रही मां, पोस्टमार्ट्म रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

**मंडला(नप्र)।** प्रदेश के प्रसिद्ध कान्हा टाइगर रिजर्व से एक चिंताजनक खबर सामने आई है। यहां सरही वन क्षेत्र में एक बाघ के नर शावक का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। यह घटना 21 अप्रैल 2026 को बड़े अमाही नाला के पास बीट सरहीनकान में सामने आई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी के दिशा-निर्देशों के अनुसार तत्काल कार्रवाई शुरू की गई। पूरे क्षेत्र को सुरक्षित कर लिया गया और डॉग स्क्वॉड की मदद से बारीकी से जांच की गई, ताकि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि का पता लगाया जा सके।

### मां और अन्य शावक शव के पास ही रहे मौजूद

जांच के दौरान एक भावुक कर देने वाला दृश्य भी सामने आया, जहां मृत शावक के पास ही उसकी मां और बाकी शावक मौजूद रहे। इससे यह स्पष्ट होता है कि घटना हाल ही में हुई थी और पूरा परिवार आसपास ही था।

**डॉक्टरों की टीम ने किया पोस्टमार्ट्म-** मामले की गंभीरता को देखते हुए जबलपुर, मोतीनाला और बिछिया से पशु चिकित्सकों की टीम बुलाई गई। विशेषज्ञों द्वारा मौके पर ही शावक का पोस्टमार्ट्म किया गया। शुरुआती जांच में शावक के सभी आंतरिक अंग सुरक्षित पाए गए, जिससे किसी बाहरी हमले की आशंका कम मानी जा रही है।

डिप्टी डायरेक्टर, अमिता केबी, कान्हा टाइगर रिजर्व ने कहा शावक पिछले कुछ दिनों से कमजोर था।

### भूख या बीमारी से मौत की संभावना

डिप्टी डायरेक्टर अमिता केबी के अनुसार, यह शावक पिछले कुछ दिनों से कमजोर नजर आ रहा था और दो दिनों से उसकी तलाश भी की जा रही थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि शावक का पेट खाली था, जिससे अंदेशा लगाया जा रहा है कि उसने कई दिनों से भोजन नहीं किया था। ऐसे में उसकी मौत भूख या किसी बीमारी के कारण होने की संभावना जताई जा रही है।

### नियमों के तहत किया गया अंतिम संस्कार

वन्यजीव संरक्षण के तय प्रोटोकॉल का पालन करते हुए शावक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान टाइगर रिजर्व के वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण भी मौजूद रहे। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पूरे घटनाक्रम की फोटो और वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई। वन विभाग के अधिकारी अब अंतिम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, जिससे मौत के सही कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सके।

# सांदीपनि विद्यालय करताना में प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

## बोर्ड परीक्षा में 75 से अधिक अंक लाने वाले छात्र हुए प्रोत्साहित



**अनोखा तीर, करताना।** माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल द्वारा आयोजित सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने के बाद क्षेत्र के शासकीय सांदीपनि विद्यालय करताना में एक गरिमामयी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस वर्ष विद्यालय का परिणाम 10वीं में 95.6 प्रतिशत और 12वीं में 98.8 प्रतिशत रहा। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं के 14 और 12वीं के 21 प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया, जिन्होंने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। समारोह की शुरुआत सरस्वती पूजन के साथ हुई। विद्यालय प्रबंधन द्वारा 75प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर, पुष्पमाला पहनाकर और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलराम पटेल रहे, जिन्होंने अपनी माता की स्मृति में 10वीं के टॉपर एक छात्र एवं एक छात्रा तथा 12वीं के टॉपर एक छात्र एवं एक छात्रा को प्रतिवर्ष 5-5 हजार रुपये की नगद राशि देने की घोषणा की। प्राचार्य पीसी दादरे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में और ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया। मेधावी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के अनुशासित वातावरण और नियमित अभ्यास को देते हुए जूनियर विद्यार्थियों के साथ अपनी स्टडी टिप्स भी साझा कीं। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों के चेहरों पर गर्व और खुशी झलक रही थी। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रमोद उमरिया ने कहा कि ऐसे प्रोत्साहन कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है और वे आगामी चुनौतियों के लिए आत्मविश्वास के साथ तैयार होते हैं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अजय भदौरिया ने किया। श्रद्धा ठाकरे, सोहागसिंह कटारे, प्रधान पाठक संजय अग्रवाल, गिरीश पारे और दुर्गेश मंडराई ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संतोष सिंह राजपूत ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# नरवाई में लगी आग से किसान की मक्का बाल-बाल बची, दमकल ने पाया काबू

**अनोखा तीर, मसनगांव।** ग्राम की देदली नदी किनारे स्थित खेतों में गुरुवार दोपहर नरवाई में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग तेजी से फैलते हुए नायरा पेट्रोल पंप के सामने स्थित खेतों तक पहुंच गई, जहां किसान सलीम शाह के खेत में रखे मक्का के भुट्टों का ढेर खतरे में आ गया। समय रहते ग्रामीणों की सूझबूझ और दमकल की मदद से बड़ा नुकसान टल गया। जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 4 बजे देदली नदी के आसपास खेतों में नरवाई सुलगने लगी, जो तेज हवा के चलते फैलती हुई पास के खेतों तक पहुंच गई। आग की लपटें बढ़ती देख ग्रामीणों ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलने पर हरदा नगर पालिका से दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान सड़क किनारे तक आग पहुंचने से क्षेत्र में धुआं फैल गया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की चपेट में करीब 30 एकड़ क्षेत्र की नरवाई जलकर राख हो गई। किसान सलीम शाह ने बताया कि आग पहले नदी किनारे सुलग रही थी, जो धीरे-धीरे फैलकर उनके पड़ोसी के खेत तक पहुंच गई, जहां मक्का के भुट्टों का ढेर रखा हुआ था। आग को फैलता देख मजदूरों के साथ मिलकर झाड़ियां काटकर आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन आग की तीव्रता को देखते हुए दमकल बुलाना पड़ा। क्षेत्र में इन दिनों गेहूं की कटाई लगभग पूरी हो चुकी है और किसान खेत तैयार करने के लिए नरवाई में आग लगा रहे हैं। गर्मी और हवा के कारण ऐसी आग तेजी से फैलकर बड़े हादसों का रूप ले सकती है। राहत की बात यह रही कि कई खेतों में मूंग की फसल लगी होने के कारण आग को आगे बढ़ने से रोकने में मदद मिली, अन्यथा यह आग पलासनेर मार्ग तक पहुंचकर आसपास के मकानों को भी नुकसान पहुंचा सकती थी।

# मुख्य सड़क पर गड्ढे से बढ़ रहीं दुर्घटनाएं, सुधार की मांग

**अनोखा तीर, रहटगांव।** धनगांव से आलमपुर मुख्य मार्ग पर खाकरा वाले बाबा के पास सड़क पर बने गड्ढे के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। सड़क पर हल्का गड्ढा होने के कारण वाहन चालकों को यह दिखाई नहीं देता, जिससे दोपहिया वाहन पर पीछे बैठे लोग अचानक गिर जाते हैं। विगत सप्ताह में रहटगांव निवासी संगीता मालवीय सहित 3 से 4 राहगीर यहां गिर चुके हैं। जानकारी के अनुसार रहटगांव से सोडलपुर मुख्य सड़क पर धनगांव स्थित इस स्थान पर सड़क पक्की बनी हुई है, लेकिन बीच सड़क पर मचक होने से वाहन असंतुलित हो जाते हैं। चारपहिया वाहन भी यहां से गुजरते समय अनियंत्रित हो जाते हैं, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों ने प्रधानमंत्री सड़क योजना के अधिकारियों से इस ओर ध्यान देने और जल्द सुधार कराने की मांग की है। बताया गया कि विभाग द्वारा पूर्व में यहां डामर डाला गया था, लेकिन यह हिस्सा मुख्य सड़क से लगभग 6 इंच नीचे रह गया है, जिसके कारण समस्या बनी हुई है। धनगांव निवासी रमेश के अनुसार यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं, इसलिए शीघ्र सुधार आवश्यक है।



# सुंदरकांड पाठ के साथ प्रभारी प्रधान पाठक ज्योति परते को दी विदाई



**अनोखा तीर, सिराली।** विकासखंड खिरकिया की प्राथमिक शाला झापनादेह में प्रभारी प्रधान पाठक ज्योति परते के तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने एवं स्थानांतरण के उपलक्ष्य में विद्यालय परिवार द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। ज्योति परते ने अपने कार्यकाल के दौरान विद्यालय के शैक्षणिक स्तर को सुदृढ़ बनाने और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उल्लेखनीय प्रयास किए। उनके सतत प्रयासों के चलते विद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई। वनांचल क्षेत्र के दूरस्थ गांव में स्थित इस शाला में पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव के बावजूद उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया और बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराई। विदाई समारोह में ग्रामीणों, अभिभावकों और विद्यालय स्टाफ ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का वातावरण भावुकता से भरा रहा, जहां सभी ने उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# श्री चित्रगुप्त प्रकटोत्सव आज, पूजन, हवन और भंडारे का आयोजन

**अनोखा तीर, भोपाल।** कायस्थम, मध्यप्रदेश द्वारा 23 अप्रैल को भगवान श्री चित्रगुप्त जी के प्रकटोत्सव के अवसर पर पूजन, हवन, प्रसादी वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रोफेसर कॉलोनी स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में श्री चित्रगुप्त मंदिर में अपरान्ह 3 बजे से प्रारंभ होगा। पूजन एवं हवन के पश्चात महाआरती की जाएगी, जिसके बाद शाम 4 बजे से भंडारा शुरू होगा, जो शाम 7 बजे तक चलेगा। इस दौरान श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम में चित्रांश गायकों द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त जी पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसमें कविता सक्सेना, रत्ना खरे, राकेश रायजादा, राकेश श्रीवास्तव, प्रदीप रायजादा, एसके श्रीवास्तव और शैलेश श्रीवास्तव सहित अन्य कलाकार भाग लेंगे। कायस्थम ने सभी चित्रांश बंधुओं से पूजन एवं भंडारे में शामिल होने की अपील की है। कायस्थम के विशेष आमंत्रित सदस्य अजय श्रीवास्तव (एनएचडीसी) और कार्यकारिणी सदस्य एडवोकेट उमंग खरे ने बताया कि प्रकटोत्सव के अवसर पर मंदिर में आकर्षक पुष्प सज्जा की जाएगी और परिसर को भी फूलों से सजाया जाएगा।

# फूटी पाइपलाइन से बिगड़ी पेयजल व्यवस्था, घरों तक नहीं पहुंच रहा पानी

**अनोखा तीर, मसनगांव।** ग्राम में जल जीवन मिशन योजना के तहत बिछाई गई पेयजल पाइपलाइन जगह-जगह से फूट जाने के कारण पेयजल व्यवस्था चरमराने लगी है। पाइपलाइन से लगातार हो रहे रिसाव के चलते सड़कों पर पानी व्यर्थ बह रहा है, जबकि कई घरों तक पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इससे ग्रामीणों को गर्मी के दिनों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत द्वारा प्रतिदिन लगभग एक घंटे नल चालू किया जाता है, लेकिन प्रेशर कम होने के कारण पानी कई घरों तक नहीं पहुंच पाता। मस्जिद मोहल्ला सहित कई इलाकों में स्थिति खराब बनी हुई है, जहां लोगों को हैंडपंप से पानी भरकर लाना पड़ रहा है। गांव में करीब दो वर्ष पूर्व एक करोड़ रुपये की लागत से पाइपलाइन बिछाकर घर-घर नल कनेक्शन दिए गए थे। उस समय इस योजना से ग्रामीणों को नियमित और स्वच्छ पेयजल मिलने की उम्मीद जगी थी, लेकिन वर्तमान स्थिति इसके विपरीत नजर आ रही है। पाइपलाइन कई स्थानों से क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिससे पानी सड़कों और गलियों में बहकर बर्बाद हो रहा है। ग्रामीण मदनलाल, राधेलाल, प्रदीप, नितिन सहित अन्य लोगों का कहना है कि गांव में करीब 450 नल कनेक्शन दिए गए हैं, लेकिन इनमें से कई घरों में पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद हो चुकी है। गर्मी के मौसम में जहां पानी की खपत बढ़ गई है, वहीं पाइपलाइन लीकेज के कारण बड़ी मात्रा में पानी व्यर्थ बह रहा है। गांव में स्टेट हाईवे किनारे परशुराम पाटिल के घर के सामने, राधा-कृष्ण मंदिर के पास, सुधीर पटेल, हरनारायण छालोत्रे और वसंत नामदेव के घर के सामने पाइपलाइन फूटी हुई है। इन स्थानों पर पानी बहने से सड़क के बीचों-बीच दलदल बन गया है और हाईवे किनारे गड्ढे भी हो गए हैं। इससे वाहन चालकों को हादसे का खतरा बना हुआ है। वहीं गड्ढों में भरे पानी से गुजरते समय छींटे उड़ने से राहगीरों और ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पाइपलाइन सुधार को लेकर कई बार पंचायत को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कुछ दिन पूर्व पंचायत सचिव नंदलाल बघेल ने जल्द सुधार का आश्वासन दिया था, लेकिन समय बीतने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पाइपलाइन की मरम्मत कर पेयजल व्यवस्था को सुचारू किया जाए, ताकि लोगों को गर्मी के मौसम में पानी के लिए परेशान न होना पड़े।



# कौशल और सामाजिक उद्यमिता से होगा भारत विकसित : राज्यपाल श्री पटेल

**भोपाल (नप्र)।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि कौशल आधारित सामाजिक उद्यमिता विकसित भारत का पथ है। इस दिशा में वैचारिक स्तर पर चिंतन की पहल समसामयिक और सराहनीय है। कॉन्क्लेव, शिक्षा और रोजगार के बीच की दूरी की समाप्ति के लिए समाधान का वैचारिक मंच बने। उन्होंने कहा कि कौशल और सामाजिक उद्यमिता से विकसित भारत निर्माण के चिंतन में सामाजिक एवं पर्यावरणीय चुनौतियों जैसे स्वच्छता, शिक्षा, जल संरक्षण, लैंगिक समानता, प्राथमिक स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के समाधान खोजने का प्रयास किया जाना चाहिए। राज्यपाल श्री पटेल बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में पांचवें समर्थ भारत कॉन्क्लेव के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कॉन्क्लेव का आयोजन विकसित भारत के निर्माण में कौशल विकास और सामाजिक उद्यमिता विषय पर किया गया है। राज्यपाल श्री पटेल ने कॉन्क्लेव से पहले कौशल रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि कॉन्क्लेव में कौशल विकास की प्रासंगिकता, शिक्षा-उद्योग-समन्वय, सामाजिक उद्यमिता विस्तार, ग्रामीण युवाओं के सशक्तिकरण, स्टार्ट-अप इको सिस्टम की मजबूती, महिला और वंचित वर्गों की सहभागिता का पथ प्रदर्शन पर बल दिया जाए। डिजिटल एवं तकनीकी कौशल, नीतिगत सहयोग और सतत विकास के संतुलित मॉडल पर विचार जरूरी है, ताकि आर्थिक प्रगति के साथ सामाजिक समरसता के ठोस उपाय खोजें जाए। उन्होंने कहा समय की आवश्यकता है कि सरकारी, कॉर्पोरेट क्षेत्र एवं गैर-लाभकारी संगठन के समन्वित और एकजुट प्रयासों को नवाचारी सोच और सतत विकास के लिए, उद्यमिता को बढ़ावा दिया जाए। राज्यपाल श्री पटेल ने प्रतिभागियों से कौशल आधारित सामाजिक उद्यमिता के द्वारा समाज की समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशील और व्यवहारिक नवाचारों पर चिंतन का आव्हान किया।



# जली केबल नहीं बदली, 8 दिन से बिजली ठप, सूखने लगी मूंग की फसल

**अनोखा तीर, सोडलपुर।** टेमागांव रोड स्थित क्षेत्र में कुछ दिन पहले शॉर्ट सर्किट से बांस के वीडे में लगी आग के कारण पास से गुजर रही बिजली की केबल जल गई थी। घटना को करीब 8 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक बिजली विभाग द्वारा जली हुई केबल को नहीं बदला गया है। इस लापरवाही का सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। क्षेत्र के कई किसानों की गर्मी की मूंग फसल पानी के अभाव में सूखने लगी है। खेतों में सिंचाई पूरी तरह बाधित हो गई है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि वे लगातार रहटगांव विद्युत वितरण कंपनी के जेई और लाइनमैन से केबल बदलने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि अगले दो दिनों में केबल नहीं बदली गई, तो कई एकड़ में लगी मूंग की फसल पूरी तरह खराब हो सकती है। किसानों ने जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था बहाल करने की मांग की है।



# अमर शहीद कोतवाल धनसिंह गुर्जर की जयंती पर भव्य आयोजन

**अनोखा तीर, इंदौर।** जनक्रांति के जनक अमर शहीद कोतवाल धनसिंह गुर्जर की जयंती के अवसर पर इस वर्ष 10 मई को इंदौर में विशेष एवं भव्य आयोजन किया जाएगा। सकल गुर्जर समाज के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के सभी संगठन एक मंच पर एकत्रित होकर वृहद रूप में भाग लेंगे। कार्यक्रम स्थानीय संतोष सभागार, रानी सती के पास आयोजित होगा। आयोजन के दौरान राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज विकास जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम में गुर्जर समाज की एकता को सुदृढ़ करने के साथ युवा वर्ग को नशा मुक्त समाज के लिए प्रेरित करने पर भी विशेष जोर रहेगा। समाज के वरिष्ठजनों, समाजसेवियों और पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। सकल गुर्जर समाज द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में बैठकें कर कार्यक्रम की तैयारियां भव्य स्तर पर की जा रही हैं। मयूर नगर में आयोजित बैठक में भी आयोजन को लेकर चर्चा की गई, जिसकी जानकारी जिला उपाध्यक्ष राम गुर्जर ने दी।



## साहित्यकार सुभाष सिटोके को...

### अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण महासभा की साहित्य समिति में स्थान



**अनोखा तीर, हरदा।** मध्य प्रदेश लेखक संघ जिला इकाई हरदा के अध्यक्ष एवं नगर के साहित्यकार सुभाष सिटोके को अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण महासभा की साहित्य समिति में चयनित किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश भर के कुल 15 साहित्यकारों को समिति में नामजद किया गया है। सुभाष सिटोके ने इस चयन के लिए महासभा अध्यक्ष राजेश बड़ोले एवं संपूर्ण कार्यकारिणी/चयन समिति, नार्मदीय ब्राह्मण समाज मंदिर (ट्रस्ट) हरदा व समस्त नार्मदीय परिवार हरदा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सत्साहित्य के माध्यम से समाज सेवा हेतु अपना संकल्प और प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# 'आधुनिक स्वास्थ्य और आधुनिक हरदा' की थीम पर होगा जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**अनोखा तीर, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि जिले में 'आधुनिक स्वास्थ्य और आधुनिक हरदा' की थीम पर स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार किया जाएगा। कलेक्टर श्री जैन ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में बताया कि जिले में दो आधुनिक टेक्नालॉजी से सुसज्जित एम्बुलेंस तथा 6 आधुनिक चिकित्सा मशीनें उपलब्ध कराई गई है, जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार हुआ है। बैठक में कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय परिसर में स्मार्ट कैमरे लगाने तथा साफ-सफाई व्यवस्था हेतु रोगी कल्याण समिति के माध्यम से आधुनिक मशीनें क्रय करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि गर्भावस्था के दौरान की जा रही 4 जांचों की जानकारी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपडेट करें। जिन क्षेत्रों में जानकारी



अपडेट करने में समस्या आ रही है, वहां बीएमओ स्वयं जाकर वस्तु स्थिति की जानकारी लें। उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर रक्त अल्पता वाली गर्भवती महिलाओं को आयरन सुक्रोज के डोज लगाये जाएं। उन्होने कहा कि जिन महिलाओं में रक्त की मात्रा अत्यधिक कम है, उन्हें शतप्रतिशत ब्लड ट्रांसफ्युजन कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने टीकाकरण की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि सभी अधिकारी टीकाकरण की सही जानकारी पोर्टल पर समय पर दर्ज कराना सुनिश्चित करें। जो अधिकारी अथवा कर्मचारी समय पर डाटा अपडेट नहीं करेंगे, उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कहा कि अधिकारी आभा आईडी का डेटा रिव्यु करें। साथ ही स्कूल के विद्यार्थियों की आंखों की जांच कर निःशुल्क चश्मा वितरित करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एचपी. सिंह, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमलेश गौड़, जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी, जिला आयुष अधिकारी डॉ. अनिल वर्मा, तीनों विकासखण्डों के प्रमुख खण्ड चिकित्सा अधिकारी, कार्यक्रम नोडल अधिकारी सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्व-गणना प्रक्रिया में ओबीसी के लिए पृथक विकल्प की मांग

**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने भारत के प्रधानमंत्री, आयुक्त, रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, म.प्र. के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, आयुक्त नर्मदापुरम संभाग एवं हरदा कलेक्टर को पत्र प्रेषित कर स्व-गणना प्रक्रिया में ओबीसी वर्ग के लिए पृथक विकल्प उपलब्ध कराने की मांग की है। प्रेषित पत्र में उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा संचालित स्व-गणना प्रक्रिया का उद्देश्य सटीक एवं पारदर्शी जनसंख्या आंकड़ों का संकलन करना है, लेकिन इस प्रक्रिया में उपयोग किए जा रहे सॉफ्टवेयर/पोर्टल में सामाजिक वर्ग के रूप में केवल अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं अन्य का ही विकल्प उपलब्ध है। इसमें अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए अलग विकल्प नहीं होने से इस वर्ग की सटीक गणना संभव नहीं हो पा रही है। पत्र में कहा गया है कि ओबीसी वर्ग देश की जनसंख्या का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए इसकी पृथक गणना का अभाव सामाजिक न्याय की अवधारणा एवं शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को प्रभावित कर सकता है। विधायक डॉ. दोगने ने संबंधित विभाग को निर्देशित कर स्व-गणना सॉफ्टवेयर/पोर्टल में ओबीसी वर्ग के लिए पृथक विकल्प शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि इस वर्ग की सही गणना सुनिश्चित हो सके और भविष्य की नीतियों एवं योजनाओं का लाभ उचित रूप से मिल सके।



## क्षेत्रीय स्टेकहोल्डर समन्वय एवं संवाद बैठक आयोजित



**अनोखा तीर, हरदा।** सिनर्जी संस्थान द्वारा बुधवार को शहर की एक होटल में 'आइए मिलकर युवाओं के बेहतर भविष्य का निर्माण करें' थीम पर क्षेत्रीय स्टेकहोल्डर समन्वय एवं संवाद बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लगभग 35 स्टेकहोल्डर्स ने सहभागिता की, जिनमें शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, आजीविका मिशन, भारतीय ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान, रेडक्रॉस, उद्योग विभाग, महिला एवं बाल विकास, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पार्षद, पालकगण, नेहरू युवा केंद्र एवं पत्रकार शामिल रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य युवाओं को केंद्र में रखते हुए विभिन्न विभागों एवं समुदाय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना, विभागों की भूमिका स्पष्ट करना तथा साझेदारी के माध्यम से युवाओं के लिए ठोस एक्शन प्लान तैयार करना रहा। साथ ही आपसी विश्वास, समझ एवं दीर्घकालीन सहयोग को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परिचय एवं जनगीत से हुई। इसके बाद विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों के बीच संवाद और आपसी विश्वास को बढ़ावा दिया गया। टीम द्वारा सिनर्जी संस्थान के कार्यों को फोटो, समाचार और वीडियो के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिससे प्रतिभागियों को जमीनी कार्यों की बेहतर जानकारी मिली। इसके पश्चात विभागवार समूह चर्चा आयोजित की गई, जिसमें युवाओं के विकास हेतु सहयोगात्मक योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। प्रतिभागियों ने अपने सुझाव साझा किए और अंत में अपने अनुभव भी व्यक्त किए। बैठक के दौरान समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने, जागरूकता फैलाने, आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने, समय पर सेवाएं सुनिश्चित करने तथा विशेष रूप से बालिका शिक्षा पर जोर देने जैसे सुझाव सामने आए। साथ ही युवाओं के लिए रोजगार एवं आजीविका के अवसरों, जैसे नौकरी, कृषि एवं गैर-कृषि गतिविधियां, स्किल डेवलपमेंट, बिजनेस, प्रोसेसिंग, मार्केटिंग एवं श्रमिक सहयोग पर भी चर्चा की गई। स्कूल शिक्षा से जुड़े मुद्दों में ड्रॉपआउट बच्चों को पुनः स्कूल से जोड़ने, विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन देने, नशामुक्ति पर कार्य करने एवं बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर विशेष फोकस किया गया। यह बैठक युवाओं के समग्र विकास हेतु विभिन्न विभागों और समुदाय के बीच मजबूत साझेदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुई।

## साधु-संतों का आगमन समाज में लाता है आध्यात्मिक ज्ञान : कमल पटेल





**अनोखा तीर, हरदा।** आज गृह ग्राम राताताई , जिला हरदा में मां नर्मदा की परिक्र मा के कर रहे पूज्य अवधेश चैतन्य जी (दाता) महाराज सूरजकुंड वालों का आगमन हुआ। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल पटेल, राजेश पटेल गोयत, ओलंपिक एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष संदीप पटेल द्वारा पूज्य गुरुदेव और साधु, संतों का आत्मीय स्वागत, वंदन एवं अभिनंदन किया। वही महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल पटेल ने बताया कि साधु-संतों का आगमन समाज में सकारात्मकता, आध्यात्मिक ज्ञान और मार्गदर्शन लाता है। वे त्याग, प्रेम, और करुणा के प्रतीक हैं, जो मानवता को सही मार्ग दिखाते हैं। उनका आगमन क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की कामना के साथ आशीर्वाद का माध्यम बनता है। इनके सान्निध्य में सत्संग और दर्शन से आध्यात्मिक उन्नति होती है। साधु-संत समाज को सत्य, अहिंसा, और सेवा का मार्ग सिखाते हैं, जो हमारे मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत हैं। उनके आगमन पर भक्तगण उनके आशीर्वचनों से अभिभूत होते हैं, जिससे क्षेत्र में सुख और शांति की भावना बढ़ती है। संतों का सान्निध्य और उनका दर्शन (संग) तीर्थ स्थलों से भी बढ़कर होता है, जो जीवन में आत्म-संयम लाता है। साधु संत अपनी शिक्षाओं के माध्यम से मानवता को एक समान मानते हैं और समाज में फैले भेद-भाव को दूर करने का प्रयास करते हैं।

### हेल्प लाईन नंबर

| | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 112 |
| फायर बिग्रेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112-100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेन्स सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाईल्ड लाईन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाईन | 1076 |
| क्राईम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकंप | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 1098 |
| नागरिक कॉल सेंटर | 155300 |



## विश्व पृथ्वी दिवस पर 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' थीम पर हुई स्लोगन प्रतियोगिता

**अनोखा तीर, हरदा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदा में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर हमारी शक्ति, हमारा ग्रह थीम पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्रभारी प्राचार्य डॉ.राकेश सिंह परस्ते के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पृथ्वी संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वॉर्मिंग और ओजोन क्षरण जैसे विषयों पर स्लोगन लिखकर जागरूकता का संदेश दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसमें लेदाराम सोलंकी, अंकिता गायकवाड़ और उमेश किराड़े ने अपने दायित्व का निर्वहन किया। प्रतियोगिता में वरुण (बीए प्रथम वर्ष) ने प्रथम स्थान, मंगलेश भूषारे ने द्वितीय स्थान तथा राखी बघेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ.राकेश सिंह परस्ते ने विद्यार्थियों को पृथ्वी संरक्षण के प्रति प्रेरित किया, वहीं छात्रा इकाई की नोडल अधिकारी मनीषा चौहान ने पृथ्वी दिवस की थीम हमारी शक्ति, हमारा ग्र ÷ के महत्व पर प्रकाश डाला। निर्णायक की भूमिका रीना मालवीय, अजय बिलारे, डॉ.आशा गायकवाड और आयुषी सिसोदिया ने निभाई। इस अवसर पर रामदयाल मकवाना, डॉ.शिवानी बर्मन, नीलोफर हासमी सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।



## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 5996 बालिकाओं का किया टीकाकरण

**अनोखा तीर, हरदा।** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए बुधवार 22 अप्रैल तक जिले में कुल 5996 बालिकाओं को टीकाकरण किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि हरदा में 1042, टिमरनी में 1188, खिरकिया में 1162, सिराली में 527, रहटगांव में 600, हंडिया में 1477 बालिकाओं का टीकाकरण किया जा चुका है। इस प्रकार जिले में कुल 6715 के लक्ष्य विरूद्ध 5996 कुल 89.29 प्रतिशत बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण किया गया। डॉ. सिंह ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर ह्यूमन पैपिलोमा वायरस एचपीवी से होता है। एचपीवी टीका एक सुरक्षित और प्रभावी टीका है जो कैंसर से बचाने में मदद करता है। यह टीका जिला चिकित्सालय हरदा तथा टिमरनी, सिराली, खिरकिया व हंडिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा रहटगांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में निःशुल्क लगाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सिंह ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि ऐसी बालिकाएं जिनकी आयु 14 वर्ष तथा 15 वर्ष 3 माह तक की है वे अपनी बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण अवश्य करवाएं एवं बेटियों का भविष्य सुरक्षित बनाएं।

## हरदा में रामानुजाचार्य जयंती धूमधाम से मनाई





**अनोखा तीर, हरदा।** विशिष्टाद्वैत दर्शन के प्रवर्तक जगतगुरु रामानुजाचार्य की 1009वीं जयंती बुधवार को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाई गई। महाराणा प्रताप कॉलोनी स्थित श्री रामानुज कोट में प्रात :काल से अभिषेक, अर्चना, आरती एवं गुरुपरंपरा पाठ का आयोजन हुआ। इसके बाद गोष्ठी प्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर भगवान विष्णु के प्रति भक्ति, समानता और सामाजिक समरसता के उनके संदेशों का स्मरण किया गया। वक्ताओं ने बताया कि रामानुजाचार्य ने वैष्णव परंपरा को सुदृढ़ करते हुए विशिष्टाद्वैत सिद्धांत का प्रतिपादन किया और समाज को भक्ति मार्ग की ओर प्रेरित किया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से पूजा-अर्चना कर दर्शन किए।


### CHANGE OF NAME

My old name was ADIVYA S/0 SANJAY KUMAR AGRAWAL. I have changed my name and my new name is ADIVYA AGRAWAL S/0 SANJAY KUMAR AGRAWAL. I will be known by my new name ADIVYA AGRAWAL S/0 SANJAY KUMAR AGRAWAL. ADDRESS - ward no 24, Subhas Chandra Bose ward, Near GP mall Harda mp.



## रेल यात्री बन्धुओं के लिए आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों को अधिक सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे के द्वारा **रीवा–छत्रपति शिवाजी टर्मिनस स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन** को दिनांक 23.04.2026 से रेगुलर गाड़ी में परिवर्तित कर चलाया जाएगा, जिसका विवरण निम्न है:–



**गाड़ी संख्या 20154/20153 रीवा–सीएसएमटी साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस**

**परिचालन का दिन एवं दिनांक:** गाड़ी सं. 20154 रीवा से **(प्रत्येक गुरूवार)**–दिनांक 23.04.2026 से एवं वापसी में गाड़ी सं. 20153 छत्रपति शिवाजी टर्मिनस से **(प्रत्येक शुक्रवार)** दिनांक 24.04.2026 से:–

| गाड़ी सं. 20154 रीवा–छत्रपति शिवाजी टर्मिनस | | गाड़ी सं. 20153 छत्रपति शिवाजी टर्मिनस–रीवा |
|---|---|---|
| आगमन–प्रस्थान | स्टेशन | आगमन–प्रस्थान |
| D.15.50 (Thu) | रीवा | A.09.45(Sat) |
| 16.55-17.00 | सतना | 07.40-07.45 |
| 17.25-17.27 | मैहर | 07.03-07.05 |
| 18.05-18.10 | कटनी | 06.10-06.15 |
| 19.40-19.50 | जबलपुर | 04.55-05.05 |
| 20.48-20.50 | नरसिंहपुर | 03.23-03.25 |
| 21.18-21.20 | गाडरवारा | 02.48-02.50 |
| 21.53-21.55 | पिपरिया | 02.13-02.15 |
| 23.20-23.30 | इटारसी | 01.15-01.25 |
| 00.22-00.24 | हरदा | 00.03-00.05 |
| 02.02-02.05 | खंडवा | 22.43-22.45 |
| 04.05-04.10 | भुसावल | 20.15-20.20 |
| 04.35-04.37 | जलगांव | 19.38-19.40 |
| 06.38-06.40 | मनमाड | 17.53-17.55 |
| 07.42-07.45 | नासिक रोड | 16.58-17.00 |
| 10.57-11.00 | कल्याण | 14.22-14.25 |
| 11.52-11.55 | दादर | 13.42-13.45 |
| A.12.20(Fri) | सीएसएमटी | D.13.30(Fri) |

**ठहराव:** सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खंडवा, भुसावल, जलगांव, मनमाड, नासिक रोड, कल्याण, दादर

**कोच संरचना:** वातानुकूलित प्रथम श्रेणी–01, वातानुकुलित द्वितीय श्रेणी–01 वातानुकुलित तृतीय श्रेणी–04, द्वितीय श्रेणी शयनयान–12 सामान्य कोच–04, एसएलआर–02

पश्चिम मध्य रेल



स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

FOLLOW US @wc_railway West Central Railway West Central Railway Official

## संपादकीय

# रफ्तार पर भारी पड़ती मौत की राह



देश में सड़कों की कुल लंबाई का केवल दो फीसदी राष्ट्रीय राजमार्ग है, लेकिन सड़क हादसों में होने वाली मौत की कुल संख्या में इनकी हिस्सेदारी करीब तीस फीसदी तक पहुंच गई है। इसमें दोराय नहीं कि देश के विकास के लिए बुनियादी ढांचे का विस्तार बेहद जरूरी होता है। आम लोगों के लिए जीवनरेखा मानी जाने वाली सड़कों का निर्माण भी इसी श्रेणी में आता है। देश में पिछले कुछ वर्षों में नई सड़कें बनाने की गति निश्चित रूप से तेज हुई है, लेकिन इसके साथ ही हादसों का सिलसिला भी बदस्तूर जारी है। विशेषकर उच्च तकनीक की मदद से तैयार किए जा रहे एक्सप्रेस-वे और राष्ट्रीय राजमार्ग चमकदार एवं सुविधाजनक जरूर दिखते हैं, मगर ये सुरक्षित सफर की कसौटी पर खरे नहीं उतर पा रहे हैं। देश में सड़कों की कुल लंबाई का केवल दो फीसदी राष्ट्रीय राजमार्ग है, लेकिन सड़क हादसों में होने वाली मौत की कुल संख्या में इनकी हिस्सेदारी करीब तीस फीसदी तक पहुंच गई है। यही वजह है कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस पर गंभीर चिंता जताते हुए केंद्र, राज्य सरकारों और संबंधित प्राधिकरणों को सड़क सुरक्षा मजबूत करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट कहा कि प्रशासनिक सुस्ती या बुनियादी ढांचे की कमियों के कारण एक्सप्रेस-वे खतरे का गलियारा नहीं बनने चाहिए।

गौरतलब है कि देश में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के सरकार के दावों के बावजूद इनमें साल दर साल बढ़ोतरी हो रही है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2019 में देश में 4.56 लाख सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें लगभग 1.59 लाख लोगों की मौत हो गई। वर्ष 2020 के कोरोनाकाल में पूर्णबंदी के कारण सड़क हादसों में कुछ कमी आई, लेकिन उसके बाद वर्ष 2021 में करीब 4.2 लाख, 2022 में 4.61 लाख और 2023 में 4.80 लाख दुर्घटनाएं हुईं। यानी पांच वर्षों में 21 लाख से ज्यादा सड़क हादसों में करीब आठ लाख लोगों की मौत हो गई। यह आंकड़ा वास्तव में चिंताजनक है, लेकिन इसमें कमी लाने के प्रयास सरकारी कागजों से बाहर निकलकर धरातल पर प्रभावी रूप से अमल में आते नजर नहीं आ रहे हैं। सड़कों पर जिन खतरों को टाला जा सकता है, अगर उनकी वजह से लोगों की जान जाती है, तो यह स्पष्ट रूप से नागरिकों की सुरक्षा में व्यवस्था की विफलता को दर्शाता है। हाल के दिनों में यह देखा गया है कि सड़क पर अवैध रूप से वाहन खड़ा करना दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बन रहा है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर भोजनालयों की बढ़ती संख्या भी इस स्थिति के लिए जिम्मेदार है, जहां वाहनों को सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़ा कर दिया जाता है। संबंधित महकमे की ओर से ऐसे भोजनालयों को जोखिम का आकलन किए बिना ही अनुमति दे दी जाती है। इसी के मद्देनजर सर्वोच्च न्यायालय ने अपने दिशा-निर्देशों में कहा है कि संबंधित प्राधिकरण और नियामकीय एजेंसियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि निर्धारित स्थलों को छोड़कर राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों को कहीं भी खड़ा या रोका नहीं जाएगा। नियमानुसार, राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात पुलिस की नियमित गश्त का प्रावधान है, लेकिन इसमें भी विभिन्न स्तरों पर लापरवाही साफ दिखती आती है। इसके अलावा, राजमार्गों पर वाहनों की तेज गति, सड़कों के निर्माण में तकनीकी खामी और संकेतकों का अभाव एवं अस्पष्टता भी दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। इन व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए उन्नत यातायात प्रबंधन प्रणाली का इस्तेमाल भी कम ही नजर आता है। मगर अब शीर्ष अदालत के निर्देशों से उम्मीद जगी है कि देश भर में यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और सड़क हादसों में भी कमी आएगी।

## नियमों की अनदेखी और मौतों का सिलसिला, कब थमेंगे ये हादसे?



सुरक्षा इंतजामों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बरतने और नियमों की अनदेखी पर अगर फैक्ट्री मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, तो शायद अगले हादसों को रोकने की गुंजाइश बन सकती है। किसी भी हादसे का सबसे बड़ा सबक यह होना चाहिए कि वे हर इंतजाम किए जाएं, ताकि वैसी त्रासदी की पुनरावृत्ति न हो। मगर ऐसा लगता है कि किसी हादसे में व्यापक नुकसान के बावजूद समान स्थितियों में काम करने वाले दूसरे कारखानों में उसके कारणों पर गौर करने और भविष्य में बचने की कोशिश भी नहीं की जाती। वरना क्या कारण है कि एक ही तरह की दुर्घटनाएं बार-बार सामने आती रहती हैं और वजह के रूप में मुख्य रूप से असुरक्षित हालात में काम और लापरवाही ही दर्ज की जाती है। तमिलनाडु के विरुधुनगर में स्थित एक पटाखा कारखाने में हुए विस्फोट और उसमें पच्चीस लोगों की मौत की घटना ने एक बार फिर यही दर्शाया है कि हादसों के लिहाज से बेहद संवेदनशील माने जाने के बावजूद अव्यवस्था बदस्तूर कायम है। खबरों के मुताबिक विरुधुनगर की फैक्ट्री में जिस वक्त विस्फोट हुआ, उस समय रविवार को छुट्टी का दिन होने के बावजूद मजदूरों से काम कराया जा रहा था। विस्फोट की तीव्रता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कम से कम तीन कमरे मलबे में तब्दील हो गए और आसपास के कई भवनों को भारी नुकसान पहुंचा। यह समझना मुश्किल है कि पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के अभाव की स्थिति में विस्फोटक पदार्थों के बीच काम संचालित करते हुए यह ध्यान रखने की जरूरत क्यों नहीं समझी जाती कि मामूली असावधानी के नतीजे क्या हो सकते हैं। पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से हुए हादसे की यह कोई अकेली घटना नहीं है। तमिलनाडु में आए दिन पटाखा कारखानों में आग लगने से लोगों की मौत की खबरें आती रहती हैं। देश के अन्य राज्यों में भी पटाखा कारखानों में आग लगने और उसमें जानमाल के नुकसान की घटनाएं अक्सर होती हैं। मगर इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि न फैक्ट्री मालिक हादसों से बचने के लिए जरूरी उपाय करते हैं और न ही सरकारी तंत्र और संबंधित महकमे के अधिकारी समय-समय पर यहां की गई सुरक्षा व्यवस्था की जांच और निगरानी करते हैं।

# लेखनी, कर्म, आस्था और आत्म अनुशासन का महापर्व भगवान चित्रगुप्त प्रकट्योत्सव

**अंजनी सक्सेना**

भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में ऐसे अनेक देवता हैं जिनका संबंध केवल आस्था एवं विश्वास से ही नहीं जीवन के मूल सिद्धांतों से भी है। इन्हीं में एक प्रमुख नाम है भगवान चित्रगुप्त का, जिन्हें कर्मो के लेखाकार, न्याय के संरक्षक और सत्य के प्रतीक के रुप में पूजा जाता है। धर्मग्रंथों के अनुसार भगवान चित्रगुप्त, प्रत्येक प्राणी के पाप पुण्यों का लेखा-जोखा रखने वाले देवता हैं यथा वे धर्मराज के सहायक हैं। भगवान चित्रगुप्त की उत्पत्ति का विवरण कई पुराणों एवं धर्मग्रंथों में मिलता है। इस विवरण के अनुसार बह्मा जी ने अपने मुख से ब्राह्मण, भुजाओं से क्षत्रिय, पेट या जंघा से वैश्य तथा पैरों से शूद्र उत्पन्न किए। उन्होंने सूर्य एवं चन्द्र आदि ग्रहों के साथ ही बिना पैर वाले जीवों से लेकर अनेक पैर वाले जीवों की रचना की। इस सृष्टि की रचना के बाद ब्रह्मा के शरीर (काया) से बड़ी-बड़ी भुजाओं वाले, श्याम वर्ण, कमलवत् नेत्रवान, शंख के समान गर्दन वाले, तेजस्वी, अति बुद्धिमान, हाथ में लेखनी और दवात धारण किए हुए, अव्यक्त जन्मा चित्रगुप्त जी प्रकट हुए। समाधि खुलने के बाद बह्मा जी ने अपने सामने उपस्थित इस पुरुष से पूछा आप कौन हैं ? उस पुरुष ने कहा - मैं आपके ही शरीर से उत्पन्न हुआ हूं इसलिए आप मेरा नामकरण कीजिए तथा मेरे कर्तव्य बताईये।

ब्रह्मा जी ने यह सुनकर कहा कि तुम मेरी काया (शरीर) से उत्पन्न हुए हो इसलिए तुम्हारी संज्ञा कायस्थ है। तुम्हारी उत्पत्ति के समय मेरा मन विश्रांत स्थिति में था अर्थात् मेरा चित्त गुप्त था इसलिए तुम चित्रगुप्त कहलाओगे। तुम धर्मराज की धर्मपुरी में निवास करो और प्राणियों के धर्माधर्म पर विचार करो।

भगवान चित्रगुप्त के नाम में ही उनकी भूमिका छिपी है चित्र यानी स्पष्ट चित्रण और गुप्त यानी छिपा हुआ। अर्थात वे केवल दिखाई देने वाले कर्म ही नहीं, बल्कि मन के भाव और इरादों तक का लेखा रखते हैं। उनके स्वरूप का वर्णन करते हुए एक प्रचलित श्लोक अक्सर सुनने को मिलता है-

लेखनी-पत्र-हस्तं च चित्रगुप्तं नमाम्यहम।
कर्मणा लेखनं यस्य सर्वभूतहिते रतम॥

इस श्लोक में चित्रगुप्त के उस रूप का चित्रण है, जिसमें वे हाथ में लेखनी और पत्र लिए हुए हैं और समस्त प्राणियों के कर्मों का लेखा लिखते हैं। जिसमें हर कार्य का हिसाब है और हर निर्णय का परिणाम।



धर्म ग्रंथों के अनुसार चित्रगुप्त जी के दो विवाह हुए। एक सूर्य कन्या से तथा दूसरा नाग कन्या से। इन पत्नियों से उनके बारह पुत्र उत्पन्न हुए। इन पुत्रों के नाम पर ही कायस्थों की बारह उपजातियां हैं। भगवान चित्रगुप्त ने अपने इन पुत्रों को शास्त्रों की शिक्षा दी तथा उनके लिए कर्तव्यों का निर्धारण किया। इन कर्तव्यों के अनुसार कायस्थों को देवताओं का पूजन, पितरों का श्राद्ध तथा अभ्यागतों की सेवा करना चाहिए। चित्रगुप्त जी ने अपनी संतति को महिषासुर मर्दिनी देवी की पूजन एवं उपासना करने का भी आदेश दिया।

भारतीय समाज में कायस्थ एक बुद्धिजीवी एवं चतुर जाति मानी जाती है। मध्यकाल में तो यह मान्यता थी कि राज-काज के संचालन में इससे कुशल एवं प्रवीण कोई अन्य जाति नहीं है। गुप्त काल से लेकर राजपूत, मुगल एवं मराठा शासकों के काल में कायस्थ न केवल महत्वपूर्ण पदों पर आसीन होते थे, बल्कि राजस्व विभाग विशेषकर पटवारियों के पदों पर कायस्थों का ही अधिकार होता था।

भगवान चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव वैशाख शुक्ल पक्ष सप्तमी के दिन मंदिरों में श्रद्धालु भगवान चित्रगुप्त की पूजा करते हैं, कलम-दवात अर्पित करते हैं और अपने जीवन में सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं। कई स्थानों पर शोभायात्राएं निकाली जाती हैं, जिनमें भगवान की झांकियां, भजन-कीर्तन और पारंपरिक वेशभूषा में शामिल लोग उत्सव को जीवंत बना देते हैं। प्रकटोत्सव के अलावा कायस्थ जाति में भगवान चित्रगुप्त की वर्ष में कम-से-कम दो बार और पूजन होती है। इनमें से पहली पूजन दीपावली की द्वितीया को होती है तथा दूसरी होली की द्वितीया (दौज) को। यह दोनों ही तिथियां भाई दौज या यम द्वितीया के नाम से प्रसिद्ध है। इस दिन प्रत्येक कायस्थ के घर मे चित्रगुप्त जी एवं कलम दवात की पूजा होती है। कई स्थानों पर यह पूजन सामूहिक रूप से भी की जाती है।

पूजन के समय भगवान चित्रगुप्त की स्तुति में जो मंत्र कहे जाते हैं, उनका अर्थ है कि दवात-कलम और खल्ली धारण करने वाले भगवान चित्रगुप्त आप लेखकों को अक्षर प्रदान करते हैं। इन धर्मग्रंथो में कहा गया है कि कायस्थों के अतिरिक्त अन्य जाति के लोग भी चित्रगुप्त जी की पूजन करते हैं तो इस पूजन से उन मनुष्यों की आयु बढ़ती है तथा उन्हें नरक के कष्ट नहीं भोगने पडते है और वे स्वर्ग के अधिकारी होते हैं।

आज के दौर में जब पारदर्शिता और जवाबदेही की चर्चा हर क्षेत्र में हो रही है। चाहे वह राजनीति हो, प्रशासन हो या समाज तब भगवान चित्रगुप्त की अवधारणा और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। उनका संदेश स्पष्ट है कि हर कर्म का लेखा है और अंततः न्याय अवश्य होता है। यह विचार व्यक्ति को अपने आचरण के प्रति सजग बनाता है और समाज में नैतिकता को मजबूत करता है।

भगवान चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव की अपनी अलग पहचान और महत्व है। समय के साथ इस उत्सव का स्वरूप भी बदला है। अब यह केवल मंदिरों या समाज तक सीमित नहीं है, बल्कि सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से भी व्यापक रूप से मनाया जा रहा है। युवा पीढ़ी इसे नए अंदाज़ में जोड़ रही है, लेकिन मूल भावना वही बनी हुई है कर्म, सत्य और जिम्मेदारी।

भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन का एक संदेश है। यह हमें याद दिलाता है कि हमारे हर कर्म का महत्व है, हर निर्णय का प्रभाव है और हर व्यक्ति अपने जीवन की कहानी खुद लिख रहा है। यह दिन उसी लेखनी और उसी जिम्मेदारी का प्रतीक बनकर सामने आता है,जहां आस्था और आत्मचिंतन एक साथ चलते हैं, और जहां पूजा केवल श्रद्धा नहीं, बल्कि एक संकल्प भी बन जाती।

## आज का कार्टून




# सियासत में उलझी महिला भागीदारी, भंवर में 'नारी शक्ति'

**जगदीश पांडे**

बदलते भारत में महिला, उसकी योग्यता और शक्ति एक बिल्कुल अलग वजूद रखती है, मगर उसे पुरुष वर्चस्ववादी समाज में आज भी समान अधिकार के साथ जगह नहीं मिल पाई है। महिलाओं ने जीवन के हर क्षेत्र में अपने आप को सिद्ध किया है, फिर भी पूर्वाग्रह से ग्रसित दृष्टि उन्हें पुरुषों के बराबर खड़ा होने में कई तरह की रुकावटें पैदा करती है। महिलाओं के अपहरण, बलात्कार और घरेलू हिंसा की घटनाएं आए दिन सामने आती रहती हैं। विभिन्न सर्वेक्षणों से पता चलता है कि अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों से गायब होने वाले बच्चों में लड़कों के बजाय लड़कियों की संख्या अधिक है, क्योंकि बाद में उन्हें देह व्यापार में धकेल दिया जाता है। देश में हाल के वर्षों में स्त्री को उसका हक देने की बातें विभिन्न स्तरों पर जोर-शोर से की जा रही हैं। कहा जाता है कि महिलाओं ने शिक्षा के क्षेत्र से लेकर खेल के मैदान और प्रशासनिक व्यवस्था में अपनी योग्यता का लोहा मनवाया है, इसके बावजूद अधिकारों के मामले में ये आज भी पिछड़ी हुई हैं। प्रशस्ति और उपेक्षा का यह एक अजब संगम कई सवाल खड़े करता है। हाल ही में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 को पारित करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया गया। इस विधेयक में विधायिका में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण और परिसीमन के जरिए लोकसभा में सदस्यों की संख्या बढ़ाने का प्रावधान किया गया है। मगर इस विधेयक को सदन का जरूरी दो तिहाई बहुमत नहीं मिल पाने से यह पारित नहीं हो पाया। इसके लिए अब सत्तापक्ष और विपक्ष एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं, लेकिन असल में हुआ वही, जो पहले से होता आया है।

महिलाओं को विधायिका में आरक्षण से संबंधित नारी शक्ति वंदन अधिनियम वर्ष 2023 में संसद में पारित किया गया था, तब से लेकर वह लागू होने की बाट जोह रहा था। यानी राजनीति में महिलाओं को उचित भागीदारी देने का अधिकार खुद सियासत में ही उलझकर रह गया है। जब संसद में पहली बार यह विधेयक पेश किया गया था, तो इसे एक ऐसा असाधारण और प्रगतिशील कदम माना जा रहा था, जिसके जरिए सदियों से की जा रही महिलाओं की उपेक्षा को खत्म करने की राह खुल जाती। हालांकि तब यह विधेयक संसद में पारित भी हो गया, लेकिन अब करीब तीन वर्ष बाद इसे संशोधित रूप में पेश किया गया, जिसका हासिल शून्य रहा। सत्तापक्ष की ओर से कहा जा रहा है कि अगर नई जनगणना के आंकड़ों के आधार पर परिसीमन आयोग की रपट का इंतजार किया जाता, तो वर्ष 2029 में अगले लोकसभा चुनाव में महिलाओं के लिए तैंतीस फीसदी आरक्षण का प्रावधान लागू कर पाना संभव नहीं था, इसलिए सरकार की ओर से संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 लाया गया। मगर विपक्ष के अपने सवाल और आपत्तियां हैं, जिन पर आगे भी बहस जारी रहेगी। लेकिन असल मुद्दा यह है कि वर्तमान में देश के कुल मतदाताओं में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग आधी है और इस लिहाज से जब तक विधायिका में उनकी भागीदारी नहीं बढ़ाई जाती है, तब तक राष्ट्र के समावेशी विकास का संकल्प भी अधूरा ही रहेगा। यह भारतीय राजनीतिक की एक अजब विसंगति रही है कि स्थानीय निकायों के चुनावों में तो महिलाओं को आरक्षण का अधिकार वर्षों पहले मिल गया था, लेकिन संसद और विधानसभाओं में उनका यह हक आज भी सियासत के दांवपेच में फंसा हुआ है, जिस कारण देश की राजनीति में महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पा रहा है।

यह सवाल भी महत्वपूर्ण है कि क्या महिलाओं के लिए सिर्फ विधायिका और स्थानीय निकायों में आरक्षण का प्रावधान किए जाने से राष्ट्र के निर्माण में उनकी समान भागीदारी सुनिश्चित हो पाएगी? क्या शिक्षा एवं स्वास्थ्य से लेकर प्रशासनिक ढांचे तक में महिलाओं के लिए पर्याप्त अवसर सृजित किए जाने की जरूरत नहीं है? उच्च शिक्षा के मामले में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की औसत दर आज भी बहुत कम है। इसी तरह सरकारी महकमों में भी महिला कर्मियों की संख्या पुरुषों की तुलना में बेहद कम है। विभिन्न सर्वेक्षणों और अध्ययनों से पता चलता है कि महिलाओं के काम करने के अवसरों में अपेक्षाकृत वृद्धि नहीं हुई है। कोरोनाकाल के दौरान नौकरी छिन जाने पर शहरों से गांवों की ओर लौटे पुरुषों को तो पुनः नौकरियां देने का अभियान चलाया गया।

# न्यूक्लियर फैमिली और आर्थिक असुरक्षा के दौर में अब प्री-मैरिटल काउंसलिंग जरूरी



**सुशील कुमार जैन**
लेखक एवं स्तंभकार

## सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता के साथ अब आर्थिक सुरक्षा भी

**भारतीय समाज में विवाह केवल एक सामाजिक अनुबंध नहीं, बल्कि दो परिवारों और संस्कारों का मिलन माना जाता है। वर्षों से कुंडली मिलान और सात फेरों के वचन इस पवित्र बंधन की आधारशिला रहे हैं। ये परंपराएं न केवल भावनात्मक और आध्यात्मिक जुड़ाव को मजबूत करती हैं, बल्कि जीवनभर साथ निभाने की प्रेरणा भी देती हैं। लेकिन बदलते समय के साथ विवाह की परिभाषा और चुनौतियां भी बदली हैं। आज जब न्यूक्लियर फैमिली का चलन तेजी से बढ़ रहा है, जीवन की अनिश्चितताएं बढ़ी हैं और आर्थिक दबाव पहले से अधिक महसूस किया जा रहा है, तब केवल पारंपरिक वचन पर्याप्त नहीं रह गए हैं। यही कारण है कि अब प्री-मैरिटल काउंसलिंग की आवश्यकता और प्रासंगिकता तेजी से बढ़ी है।**

आज जब प्रदेश के मुखिया विभिन्न मंचों से यह कहते हैं कि सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता का दर्पण हैं, तो यह विचार निश्चित ही सकारात्मक और प्रेरणादायक प्रतीत होता है। लेकिन साथ ही यह सवाल भी उभरता है कि क्या केवल विवाह संपन्न कर देना ही पर्याप्त है ? क्या हम उन दंपत्तियों के भविष्य, उनकी आर्थिक स्थिरता और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति उतने ही सजग हैं ? कहीं ऐसा तो नहीं कि हम एक दिन के आयोजन को प्राथमिकता देकर जीवनभर की तैयारी को नजरअंदाज कर रहे हैं ?

आज जब दुनिया के कई विकसित देशों में स्वास्थ्य बीमा और जीवन बीमा जैसी व्यवस्थाएं अनिवार्य मानी जाती हैं, तब यह प्रश्न स्वाभाविक है कि हम इन मूलभूत सुरक्षा उपायों के बिना अपने दांपत्य जीवन की शुरुआत कैसे कर सकते हैं? क्या बिना किसी आर्थिक सुरक्षा कवच के विवाह करना एक तरह से भविष्य के प्रति लापरवाही नहीं है?

भारतीय समाज में विवाह केवल एक सामाजिक अनुबंध नहीं, बल्कि दो परिवारों और संस्कारों का मिलन माना जाता है। वर्षों से कुंडली मिलान और सात फेरों के वचन इस पवित्र बंधन की आधारशिला रहे हैं। ये परंपराएं न केवल भावनात्मक और आध्यात्मिक जुड़ाव को मजबूत करती हैं, बल्कि जीवनभर साथ निभाने की प्रेरणा भी देती हैं। लेकिन बदलते समय के साथ विवाह की परिभाषा और चुनौतियां भी बदली हैं। आज जब न्यूक्लियर फैमिली का चलन तेजी से बढ़ रहा है, जीवन की अनिश्चितताएं बढ़ी हैं और आर्थिक दबाव पहले से अधिक महसूस किया जा रहा है, तब केवल पारंपरिक वचन पर्याप्त नहीं रह गए हैं। यही कारण है कि अब प्री-मैरिटल काउंसलिंग की आवश्यकता और प्रासंगिकता तेजी से बढ़ी है।

मैरिज काउंसलर्स के अनुसार, पिछले 2-3 वर्षों में प्री-मैरिटल काउंसलिंग के मामलों में लगभग 70 प्रतिशत तक वृद्धि दर्ज की गई है। यह बढ़ती संख्या इस बात का संकेत है कि आज के युवा विवाह को केवल भावनाओं के आधार पर नहीं, बल्कि समझदारी और तैयारी के साथ निभाना चाहते हैं। खासतौर पर अरेंज मैरिज में, जहां एक-दूसरे को समझने का समय सीमित होता है, काउंसलिंग एक मजबूत सेतु का काम कर रही है।



वहीं लव मैरिज करने वाले कपल्स भी अब भविष्य की स्पष्टता और स्थिरता के लिए विशेषज्ञों की मदद लेने लगे हैं।

विवाह से पहले कपल्स के मन में कई सवाल और आशंकाएं होती हैं—क्या हम एक-दूसरे को सही से समझते हैं? क्या हमारे मूल्य और प्राथमिकताएं समान हैं? क्या हम आर्थिक और पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभा पाएंगे? इन सवालों का समाधान केवल भावनाओं से नहीं, बल्कि संवाद और समझ से संभव है, और यही काम काउंसलिंग करती है।

आज की वास्तविकता यह है कि शादी के बाद का जीवन पहले से अधिक जटिल हो गया है। खर्च बढ़े हैं, जिम्मेदारियां बढ़ी हैं और सपनों की सूची भी लंबी हो गई है। ऐसे में विवाह को सफल बनाने के लिए केवल सात फेरों के पारंपरिक वचनों के साथ-साथ आर्थिक और जीवन सुरक्षा के आधुनिक संकल्प भी जरूरी हो गए हैं।

यदि दंपत्ति यह संकल्प लें कि वे अपनी आय के अनुसार जीवन जिएंगे, नियमित बचत और निवेश करेंगे, आपातकालीन फंड बनाएंगे, स्वास्थ्य और जीवन बीमा को प्राथमिकता देंगे और आर्थिक पारदर्शिता बनाए रखेंगे—तो यह न केवल उनके रिश्ते को मजबूत करेगा, बल्कि भविष्य की अनिश्चितताओं से भी सुरक्षा देगा। महंगी शादियों और दिखावे से दूरी बनाकर यदि वही धन भविष्य की योजना में लगाया जाए, तो यह एक समझदारी भरा कदम साबित हो सकता है।

इसके साथ ही बच्चों की शिक्षा, रिटायरमेंट प्लानिंग और वित्तीय जागरूकता जैसे पहलुओं को भी विवाह के शुरुआती चरण में ही शामिल करना आज की आवश्यकता बन गई है। अब विवाह केवल वर्तमान का उत्सव नहीं, बल्कि भविष्य की जिम्मेदारी भी है।

निष्कर्षत:, समय की मांग है कि हम परंपराओं का सम्मान करते हुए आधुनिकता को भी अपनाएं। कुंडली मिलान और सात फेरे जहां हमारे सांस्कृतिक मूल्यों को संजोते हैं, वहीं प्री-मैरिटल काउंसलिंग और आर्थिक संकल्प विवाह को व्यावहारिक मजबूती प्रदान करते हैं।

आज का सफल विवाह वही है, जिसमें भावनाओं के साथ-साथ समझ, संवाद और योजना का संतुलन हो। यही संतुलन आने वाले समय में मजबूत परिवार और स्वस्थ समाज की नींव रखेगा।

# जिले में अवैध गतिविधियों पर पुलिस की सख्त कार्रवाई

अनोखा तीर, खंडवा।

जिले में पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाते हुए आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट और यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की गई। आबकारी एक्ट के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में 9 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अवैध शराब जब्त की गई। वहीं कोतवाली थाना क्षेत्र में एक आरोपी से धारदार चाकू बरामद कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 22 वाहन चालकों पर कार्रवाई कर 13,900 रुपए का समन शुल्क वसूला गया। बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, नंबर प्लेट और तेज गति से वाहन चलाने जैसे मामलों में चालानी कार्रवाई की गई। इसके अलावा जिले के विभिन्न थानों में 57 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस ने 8 गिरफ्तारी वारंट, 29 जमानती वारंट और 67 समंस की तामील भी कराई। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से कानून एवं यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

## बाढ़ व अतिवृष्टि तैयारियों पर 4 मई को बैठक

अनोखा तीर, खरगोन। बाढ़ एवं अतिवृष्टि की स्थिति से निपटने और पूर्व तैयारियों की समीक्षा के लिए 4 मई 2026 को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती भव्या मित्तल करेंगी। बैठक में जिला मुख्यालय पर पदस्थ संबंधित अधिकारी बाढ़, आपदा एवं अतिवृष्टि से जुड़ी तैयारियों के संबंध में आवश्यक जानकारी के साथ उपस्थित रहेंगे। वहीं अनुभाग, तहसील एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी गूगल मीट के माध्यम से बैठक में शामिल होंगे।

## सांसद के भाई विश्वनाथ पाटिल का निधन, आज अंतिम संस्कार

अनोखा तीर, खंडवा/बुरहानपुर। लोकसभा क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के छोटे भाई विश्वनाथ पाटिल (बाडू भैया) का निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक



की लहर फैल गई है। परिजनों के अनुसार दिवंगत की बैकुंठ यात्रा 23 अप्रैल को सुबह 7:30 बजे उनके निवास ग्राम बोहरडा, जिला बुरहानपुर से निकाली जाएगी। अंतिम संस्कार ताप्ती घाट बोहरडा में किया जाएगा। उनके निधन पर जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और क्षेत्रवासियों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना जताई है।

# रंगोली से मनाया भू अलंकरण दिवस

अनोखा तीर, खंडवा।




संस्कार भारती मालवा प्रांत खंडवा इकाई द्वारा प्राचीन विट्ठल मंदिर में रंगोली बनाकर भू अलंकरण दिवस मनाया गया। संस्था द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष इस दिवस को रंगोली कला के माध्यम से मनाया जाता है।

अध्यक्ष विजय सोनी ने बताया कि इस वर्ष प्रांत द्वारा निर्धारित प्रारूप में ज्ञान कमल की रंगोली बनाई गई, जो आंतरिक क्षमता और आत्मबोध का प्रतीक है। इसके साथ ही मांडना, मुग्गू, अल्पना, केंद्र वर्धिनी शैली और कोलम जैसी विभिन्न पारंपरिक रंगोली शैलियों का समावेश करते हुए विविधता में एकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में महामंत्री मोनिका पालीवाल, उपाध्यक्ष बीना शाह एवं दृश्य कला संयोजक धर्मेंद्र जौहरी ने रंगोली निर्माण में सहभागिता निभाई। अनिल बाहेती ने आगामी माह में रंगोली कार्यशाला आयोजित किए जाने की जानकारी दी।

इस अवसर पर योगेश कोटवाले, मनोज जोशी, शर्मिष्ठा तोमर, श्याम आष्टेकर, राम आष्टेकर, सुनील जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन आलोक शुक्ला ने किया।

## सार-समाचार

### श्रीमद् भागवत कथा आज से, निकलेगी कलश यात्रा



**अनोखा तीर, खंडवा।** कृष्णपुरम फेस नंबर-2 स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में 23 से 29 अप्रैल तक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का वाचन कथा व्यास पंडित सुरेश शरण शास्त्री द्वारा किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से 5 बजे तक आयोजित होगी। कथा के पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह आयोजन ठाकुर सुरेंद्र सिंह मौर्य परिवार, ग्राम जसवाड़ी के सहयोग से किया जा रहा है। 29 अप्रैल को कथा की पूर्णाहुति के अवसर पर प्रसादी का वितरण किया जाएगा। आयोजकों ने धर्मप्रेमी नागरिकों से परिवार सहित उपस्थित होकर कथा का श्रवण करने का आग्रह किया है।

### पृथ्वी दिवस पर विद्यार्थियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**अनोखा तीर, खरगोन।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय झिरन्या में पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने चित्रकला, लघु नाटक और भाषण के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का प्रभावी संदेश दिया। इन गतिविधियों से विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सामाजिक जागरूकता और अभिव्यक्ति कौशल का




विकास हुआ। प्रस्तुतियों के जरिए पर्यावरण संतुलन, वृक्षारोपण, जल संरक्षण और स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया गया। प्राचार्या श्रीमती रेखा रानी चौहान ने कहा कि पृथ्वी की रक्षा करना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों से दैनिक जीवन में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े छोटे-छोटे प्रयास अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों और विद्यालय परिवार ने पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया।


### वसुंधरा दिवस पर 'पंछी मित्र अभियान' आयोजित

**अनोखा तीर, खरगोन।** सांदीपनि विद्यालय टेमला में इको क्लब के तत्वावधान में विश्व वसुंधरा दिवस पर 'पंछी मित्र अभियान' का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, जीव-दया और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना




रहा। अभियान के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें करीब 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपनी कलाकृतियों के माध्यम से पक्षी संरक्षण, जल संरक्षण और पृथ्वी को हरा-भरा रखने का संदेश दिया। गर्मी को देखते हुए 'दाना-पानी अभियान' भी चलाया गया, जिसमें विद्यालय परिसर के पेड़ों और सुरक्षित स्थानों पर मिट्टी के सकोरे रखे गए, ताकि पक्षियों को पानी और दाना मिल सके। इको क्लब के सदस्यों ने इनमें नियमित रूप से दाना-पानी भरने का संकल्प लिया। प्राचार्य अशोक सिंह पंवार ने इस पहल की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को प्रकृति और जीव-जंतुओं के संरक्षण के लिए निरंतर ऐसे प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

### होमगार्ड कार्यालय का औचक निरीक्षण, सैनिकों से संवाद



**अनोखा तीर, खंडवा।** होमगार्ड के डिवीजनल कमांडेंट बीपी वर्मा ने बुधवार को होमगार्ड कार्यालय खंडवा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य कार्यालयीन कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाना और सैनिकों की कार्यक्षमता की समीक्षा करना रहा। निरीक्षण के बाद उन्होंने होमगार्ड सैनिकों के साथ सम्मेलन आयोजित कर उनसे सीधे संवाद किया। इस दौरान सैनिकों ने ड्यूटी के दौरान आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों और समस्याओं से अवगत कराया। वर्मा ने सैनिकों को निष्ठा और अनुशासन के साथ कर्तव्य निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला सेनानी खंडवा आशीष कुमार कुशवाहा, प्लाटून कमांडर सहित अन्य विभागीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ के सैनिक उपस्थित रहे।



# पंधाना ब्लॉक में स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण

**अनोखा तीर, खंडवा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत ने बुधवार को पंधाना विकासखंड में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंगोट पहुंचकर पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बोरगांव बुजुर्ग, गांधवा तथा उप स्वास्थ्य केंद्र सराय का निरीक्षण कर मरीजों को दी जा रही सेवाओं के संबंध में चिकित्सकों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं स्टाफ से चर्चा की। डॉ. जुगतावत ने सभी संस्थाओं में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए गर्मी के मौसम को देखते हुए आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने ग्राम सराय में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष का भी निरीक्षण किया।

## विश्व मातृभूमि दिवस पर संरक्षण की दिलाई शपथ




**अनोखा तीर, खंडवा।** अंतरराष्ट्रीय मातृभूमि दिवस के अवसर पर रामनगर स्थित एक निजी पैरामेडिकल कॉलेज में राज्य आनंद संस्थान द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर केबी मनसारे, जिला संपर्क व्यक्ति गणेश कानडे, पुष्पा अटूट एवं नारायण फरकले ने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधारोपण कर धरती के संरक्षण का संकल्प दिलाया। वक्ताओं ने कहा कि पृथ्वी ही ऐसा ग्रह है जहां जीवन संभव है, इसलिए इसके संरक्षण के लिए सभी को जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण केवल मनुष्य के लिए ही नहीं, बल्कि सभी जीव-जंतुओं के अस्तित्व के लिए आवश्यक है। प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से बचने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन प्रकाश मसानी ने किया।

# खरगोन से इंदौर जा रही लग्जरी बस अचानक घर की तरफ मुड़ गई

## दीवार में जा घुसी, 30 से अधिक घायल

खरगोन (नप्र)। मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के कसरावद थाना क्षेत्र में बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। खरगोन से इंदौर जा रही एक निजी यात्री बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई और सड़क किनारे स्थित एक मकान से जा टकराई। इस दुर्घटना में बस में सवार करीब 30 यात्रियों को चोटें आई हैं, जिनमें से 10 से अधिक की हालत गंभीर बताई जा रही है। एसडीओपी श्वेता शुक्ला ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हादसा कसरावद तहसील के ग्राम ओझरा में दोपहर के समय हुआ। बस में करीब 30 से अधिक यात्री सवार थे। टक्कर इतनी तेज थी कि बस के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और अंदर बैठे यात्री इधर-उधर गिर पड़े। हादसे में चालक और परिचालक भी घायल हुए हैं।



**स्थानीय लोगों की मदद से घायल बाहर निकाले –** सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। सभी घायलों को तत्काल कसरावद के शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद करीब 25 घायलों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। श्वेता शुक्ला, एसडीओपी बस हादसा कसरावद तहसील के ओझरा में हुआ, बस सड़क से उतरकर एक मकान की दीवार से टकरा गई। बस में करीब 30 से अधिक यात्री सवार थे। बस के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया सभी यात्री सहित चालक-परिचालक भी घायल हैं।

**अचानक बस का संतुलन बिगड़ा और जोरदार टक्कर हो गई–** इसी बस में सवार इंजीनियरिंग कॉलेज के अंतिम वर्ष के छात्र क्षितिज गुप्ता ने बताया कि वह इंदौर परीक्षा देने जा रहे थे।

# महिला अधिवक्ताओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में लिखा पत्र



**अनोखा तीर, खंडवा।** लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने संबंधी नारी शक्ति वंदन अधिनियम और परिसीमन के समर्थन में जिला न्यायालय की महिला अधिवक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर समर्थन जताया। इस दौरान श्रीमती जेएन शेख, श्रीमती पुष्पा गौर, दीप्ति चौहान, मंजू तंवर, रेखा गौर, भावना बागवान, सौम्या सरावगी, नंदनी चौहान, सुषमा शर्मा, प्रियंका चौहान, हेमलता राठौर, नागमणि सोनी, सिमरन जावा, शिवानी निषाद, सविता दास, संगीता वर्मा, राखी गोयल सहित बड़ी संख्या में महिला अधिवक्ताओं ने सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। एडवोकेट अमर यादव ने पत्र का मसौदा तैयार कर उसे प्रस्तुत किया। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह यादव, मोहन गंगराड़े, बार अध्यक्ष रविंद्र पाथरीकर, प्रणय गुप्ता, मनोज फूलमाली, विजय चौधरी, योगेश गुप्ता, महेंद्र यादव, विक्रम लश्करी, विनम्र गंगराड़े, अरुण पटेल सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे। महिला अधिवक्ताओं ने इस अभियान के माध्यम से समाज में समानता और न्याय की स्थापना के लिए सभी से समर्थन देने का आह्वान किया।

# दोस्त ने धोखा दिया, अब जीकर क्या करू खरगोन में किसान की आत्महत्या, वीडियो में दोस्त और उसके बेटे को ठहराया जिम्मेदार

**खरगोन (नप्र)।** जिले के गोगावां थाना क्षेत्र के ग्राम रेहगांव में एक किसान ने कथित तौर पर अपने ही दोस्त की धोखाधड़ी से आहत होकर खेत में कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले किसान ने एक वीडियो बनाकर दोस्त और उसके बेटे पर जमीन सौदे में लाखों रुपए की धोखाधड़ी, गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मामले में आरोपित पिता-पुत्र के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज कर उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।



**जमीन के सौदे का मामला –** पुलिस के अनुसार मृतक किसान सालकराम (45) पिता मोतीराम ने गांव के ही तीन भाइयों, राजू, वीरेंद्र और जितेंद्र (पिता रामेश्वर गुप्ता) से 7.52 एकड़ जमीन का सौदा किया था। यह सौदा उसने अपने करीबी मित्र सुरेश यादव के नाम से किया था। बयाना राशि एक लाख रुपए सहित दस्तावेजी खर्च भी सालकराम ने ही वहन किया था। तय हुआ था कि पांच माह में पूरी राशि अदा कर रजिस्ट्री कराई जाएगी। इस सौदे की पुष्टि गवाहों ने भी की है।

**रुपए लौटाने का आरोप –** मृतक द्वारा बनाए गए वीडियो में उसने बताया कि उसने राजू व जितेंद्र गुप्ता को 22 लाख 7 हजार 300 रुपए तथा अपने मित्र सुरेश यादव को 45 लाख रुपए दिए थे। इसके बावजूद सुरेश ने रुपए लौटाने से इनकार कर दिया। किसान ने यह भी आरोप लगाया कि सुरेश यादव और उसके बेटे कमलेश यादव ने उसे घर बुलाकर गाली-गलौच की और उसे व उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दी। वीडियो में ग्राम बिलखेड़ निवासी श्याम पर भी धमकाने के आरोप लगाए गए हैं।

**कीटनाशक पीकर की खुदकुशी –** घटना के बाद सालकराम ने अपने खेत में कीटनाशक पी लिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। मंगलवार सुबह गोगावां के सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। इसके बाद मृतक की पत्नी, बेटी और बेटा आयुष ग्रामीणों के साथ थाने पहुंचे और आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तथा सुरक्षा की मांग की। इस दौरान कुछ देर के लिए थाना परिसर में तनाव की स्थिति भी बनी रही। पुलिस के आश्वासन के बाद परिजन दोपहर में शव को अंतिम संस्कार के लिए गांव ले गए।

दीपक यादव, थाना प्रभारी, गोगावां ने बताया कि मृतक का एक वीडियो बयान सामने आया है, जिसमें उसने सुरेश यादव और उसके बेटे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने (आईपीसी 306) का मामला दर्ज किया है। मामले की बारीकी से विवेचना की जा रही है।

**पुलिस ने दर्ज किया मामला –** थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि मृतक के वीडियो बयान के आधार पर सुरेश यादव और उसके बेटे कमलेश यादव के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना जारी है और आगे की कार्रवाई जांच के आधार पर की जाएगी।

# मप्र को सामाजिक न्याय के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिये करें समन्वित प्रयास : मंत्री श्री कुशवाह

## ● समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाना हम सब का दायित्व ● मैदानी अमले के सुझावों को योजनाओं के क्रियान्वयन में किया जाएगा शामिल

**भोपाल (नप्र)।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री श्री नारायन सिंह कुशवाह ने कहा है कि मध्यप्रदेश को सामाजिक न्याय के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी समन्वय और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। विभाग के मैदानी अमले की योजनाओं और कार्यक्रम को जमीनी स्तर पर उतारने में भागीदारी कैसे सुनिश्चित की जाए, योजनाओं को लागू करने के साथ नीति निर्माण में उनके सुझाव को कैसे शामिल किया जा सकता है इस विषय पर विस्तृत विचार विमर्श के लिये सामाजिक न्याय विभाग द्वारा विभागीय चिंतन शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय विभाग मानवीय संवेदनाओ से जुड़ा विभाग है। इसके माध्यम से हम कमजोर और असहाय लोगों की सहायता कर सकते है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन की सेवा ईश्वर सेवा से कम नहीं है।मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि राज्य सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक समयबद्ध रूप से पहुँचे। उन्होंने कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि विभागीय योजनाओं के प्रति व्यापक जनजागरूकता बढ़ाई जाए, जिससे अधिक से अधिक पात्र हितग्राही लाभान्वित हो सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चिंतन शिविर में विभागीय कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने निर्देश दिए कि जिलों में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए। साथ ही, हितग्राहियों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए प्रक्रियाओं को सरल एवं सुगम बनाया जाए। उन्होंने कहा कि समाज के कमजोर वर्गों, दिव्यांगजन एवं वंचित समुदायों के सशक्तिकरण के लिए विभाग सतत प्रयासरत है। अधिकारियों को सेवा भाव के साथ कार्य करते हुए जनसमस्याओं का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।



**वृद्धजनों के लिए वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे –** चिंतन शिविर में प्रमुख सचिव श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने विभाग की आगामी एक वर्ष की कार्ययोजना के महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शासकीय और अशासकीय योजनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए क्वालिटी ऑडिट ऐप के माध्यम से नियमित जांच की जाएगी, अटल अभ्युदय योजना के अंतर्गत वृद्धजनों के लिए वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। साथ ही, प्रत्येक जिले में ट्रांसजेंडर जिला बोर्ड तथा भिक्षावृत्ति की निगरानी के लिये जिला स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा। नए जिलों में डीडीआरसी (जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र), नशामुक्ति केंद्र एवं वृद्धाश्रम स्थापित करने की कार्ययोजना भी तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 2027 तक नशामुक्त भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रदेशभर में विशेष नशामुक्ति अभियान चलाया जाएगा तथा नेशनल एक्शन प्लान फॉर ड्रग्स डिमांड के अंतर्गत प्रत्येक जिले में विस्तृत कार्ययोजना बनाई जाएगी। साथ ही जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों को वन स्टॉप सेंटर के रूप में विकसित करने का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण श्री कृष्ण गोपाल तिवारी ने कहा कि योजनाओं के जमीनीस्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन की जिम्मेदारी विभागीय अमले पर है उनकी कार्यक्षमता और संवेदनशीलता से ही विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति संभव होगी। उन्होंने अमले से अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य करने की अपेक्षा की। चिंतन शिविर में आये जिले के अधिकारियों के 5 समूह गठित कर नशामुक्त भारत, वृद्धाश्रम व अन्य संस्थाओं के संचालन, भिक्षुक गृह और ट्रांसजेंडर से संबंधित योजना के संचालन, शासकीय और अशासकीय संस्थाओं से संचालन और गुणवत्ता नियंत्रण तथा दिव्यांगजन पुर्नवास केन्द्र तथा निराश्रित निधि के उपयोग और प्रक्रिया विषय पर सुझाव मांगे गये। शिविर में प्रदेश के सभी जिलों से आए अधिकारियों ने जमीनी स्तर पर कार्य करते समय आने वाली समस्याओं, चुनौतियों एवं अनुभवों को साझा किया। शिविर का उद्देश्य प्रक्रियात्मक जटिलताओं, संसाधनों की कमी तथा समन्वय संबंधी मुद्दों को समझकर उनके समाधान के लिये व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार करना रहा, जिससे योजनाओं का लाभ सुगमता एवं समयबद्ध तरीके से पात्र हितग्राहियों तक पहुँच सुनिश्चित की जा सकेगा। चिंतन शिविर में निःशक्त जन आयुक्त डॉ. अजय खेमरिया, प्रदेश संयोजक दिव्यांगजन कल्याण प्रकोष्ठ श्री संदीप रजक सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# बोरवेल में रेत भर जाने से 65 लाख से बनी पानी की टंकी हुई बेकार

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।**

मोरन नदी के किनारे बसे ग्राम लोखर तलाई में शासन की अधूरदर्शी नीति और योजनाओं का लापरवाही पूर्ण क्रियान्वयन होने के कारण भीषण पेयजल संकट में घिरा हुआ है । पीएच विभाग के हैंड पंप प्राया सूखे पड़े हुए हैं और शासन की ओर से बनाई गई 65 लाख रुपए की पानी की टंकी भी उपयोग हीन हो गई है। अब लोग खेतों में खोदे नलकूप और मोरन नदी से पानी लाने को मजबूर हो गए हैं।

ग्राम में पेयजल की व्यवस्था के लिए 2022 में शासन की योजना के अनुसार पानी की टंकी का निर्माण कराकर एक बोरवेल का खनन कराया गया था। पिछले 1 साल से बोरवेल फस्का हुआ पड़ा है । बोर में करीब 65 फिट रेत भरी हुई है जिसके कारण मोटर नहीं डल पा रही है और बोर से रेत की सफाई भी नहीं हो पा रही है। कुछ ऐसे ही हाल पीएचई विभाग के द्वारा खोदे गए हैंड पंप का है। ग्राम और आसपास के क्षेत्र में आधे से ज्यादा हैंडपंप बंद पड़े हुए हैं या फिर सूख गए हैं। ग्रामीण जन आसपास के खेतों और मोरन नदी से पानी लाने के लिए



मजबूर हैं। बोर से रेत निकालने के लिए ग्राम पंचायत के पास बजट नहीं है जिसे खर्च कर बोर की सफाई कराई जा सके। ग्राम के पास ही सूर्यभान बाबा की टेकरी है धार्मिक स्थल होने के कारण विधायक की अनुशंसा पर एक हैंडपंप लगाया गया था। यह हैंडपंप पिछले 2 साल से सूखा पड़ा हुआ है। जिसके कारण श्रद्धालुओं और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पीएचई विभाग की लापरवाही का यह आलम है कि ग्राम लोखर तलाई के स्कूल में पिछले 2 साल से हैंडपंप बंद पड़ा हुआ है संस्था प्रधान ने अनेक पत्र लिखें परंतु ना तो पत्र का उत्तर आया और ना ही हैंडपंप में सुधार हो पाया है। विद्यालय में करीब 90 छात्र अध्ययनरत हैं, जिन्हें पेयजल के लिए घर से बोतलों में पानी लाना पड़ता है। इससे छात्रों और स्टॉफ दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय के उच्च श्रेणी शिक्षक प्रदीप रघुवंशी ने बताया कि नए हैंडपंप के लिए पीएचई विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है, लेकिन अब तक स्वीकृति नहीं मिली है।

सरपंच प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने बताया कि पानी की टंकी के पास खोदे गए बोर में करीब 65 फीट रेत भर चुकी है। जिसे खाली करने के लिए ग्राम पंचायत के पास कोई मद नहीं है इसलिए पेयजल की स्थिति गंभीर बनी हुई है। पीएचई विभाग को भी अनेक पत्र लिखे हैं किंतु उन्होंने भी हैंडपंप में सुधार नहीं किया। 15वें वित्त के माध्यम से पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा के लिए राशि खर्च की जा सकती है, किंतु लोखरतलाई की पानी की टंकी के संबंध में हमसे किसी ने परामर्श नहीं लिया और ना ही हमें शिकायत मिली है फिर भी अब समस्या हमारे संज्ञान में आई है हम उसका निपटारा करवाते हैं।

● बच्चों को मिला शिक्षा का अधिकार

# एसडीएम की त्वरित कार्रवाई से 20 वर्ष से लंबित समस्या का समाधान

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।**

क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एसडीएम विजय राय ने एक जटिल मामले में त्वरित कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को बड़ी राहत प्रदान की है। उनके हस्तक्षेप से 20 वर्षों से दस्तावेजी अड़चनों में उलझे एक परिवार को जाति प्रमाण पत्र मिल सका, जिससे अब बच्चों की शिक्षा का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम अर्चनागांव के मूल निवासी बिशन सिंह मर्सकोले करीब 20 वर्ष पूर्व रोजगार की तलाश में अपना गांव छोड़कर तहसील टिमरनी के ग्राम दूधकच्छ में निवास करने लगे थे। लंबे समय तक मूल निवास स्थान से दूर रहने के कारण उन्हें आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में जाति प्रमाण पत्र बनवाने में लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। मामले की गंभीरता तब सामने आई जब यह ज्ञात हुआ कि जाति प्रमाण पत्र के अभाव में बिशन सिंह के बच्चों को विद्यालय में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। इस स्थिति को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम विजय राय ने मानवीय




दृष्टिकोण अपनाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी बच्चे की शिक्षा तकनीकी कारणों से बाधित नहीं होनी चाहिए। उनके मार्गदर्शन में राजस्व अमले द्वारा त्वरित जांच कर आवश्यक साक्ष्यों का मिलान किया गया और नियमानुसार बच्चों के जाति प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए। प्रशासन की इस सक्रियता से न केवल परिवार को राहत मिली, बल्कि बच्चों के भविष्य को भी नई दिशा मिली है। प

ेमाण पत्र प्राप्त होने पर आवेदक बिशन सिंह मर्सकोले ने एसडीएम विजय राय एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समय पर सहायता मिलने से अब उनके बच्चों का विद्यालय में प्रवेश संभव हो सकेगा।

## सार-समाचार



### परशुराम जयंती आयोजन में मातृशक्ति का किया सम्मान

**अनोखा तीर, माखननगर।** विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम की जयंती पर आयोजित आयोजन में प्रथम दिवस मातृशक्ति का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल की जिलाध्यक्ष आशा दुबे एवं अध्यक्षता रीना आकाश तिवारी रहीं। विशेष अतिथि पूर्व नप अध्यक्ष निकुंजलता गुरु, गीता तिवारी, सरला पुरोहित, चंद्रा शह्दावत, गरिमा उपाध्याय, कस्तूरी शर्मा, कुसुम सेनापत, मिथिलेश परसाई रहीं। परशुराम पूजन उपरांत रानी गुरु द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। बच्चों ने फैंसी ड्रेस एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। वहीं महिलाओं द्वारा भगवान परशुराम जी के जीवन चरित्र से जुड़े भाषण दिए गए। पूनम पुरोहित द्वारा बच्चों की खेल प्रतियोगिता एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रानी दुबे एवं अलका पुरोहित द्वारा कराई गई। कविता शर्मा, सुधा शर्मा एवं रचना तिवारी द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम का संचालन मनीषा उपाध्याय एवं प्रीति तिवारी द्वारा एवं आभार क्षमा शर्मा द्वारा माना गया। आज द्वितीय दिवस शाम 3 बजे भवन भूमि पूजन एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी।

## निर्माणाधीन नाली का निरीक्षण

# नपाध्यक्ष ने गुणवत्ता और समयसीमा के दिए निर्देश

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।**

नगर में चल रहे विकास कार्यों की निगरानी के तहत नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेंद्र यादव ने बुधवार को वार्ड क्रं. 17 में निर्माणाधीन नाली का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य प्रभारी दीक्षा तिवारी सहित निर्माण एजेंसी के कर्मचारी मौजूद रहे। नपाध्यक्ष ने मौके पर कार्य की प्रगति का जायजा लिया और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नाली निर्माण कार्य तय समयसीमा में पूरा किया जाए, ताकि वार्ड वासियों को जल्द से जल्द सुविधा का लाभ मिल सके। साथ ही निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी। नगरपालिका द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।





# कानून व्यवस्था को लेकर विधायक की सख्ती

● **समर्थकों संग पहुंचे थाने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी चेतावनी**

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर चिंता जताते हुए सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह बुधवार शाम करीब 4 बजे अपने समर्थकों के साथ पुलिस थाने पहुंचे। यहां उन्होंने एसडीओपी संजू चौहान और थाना प्रभारी राहुल रैकवार के साथ नगर की सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की। बैठक के बाद विधायक ने लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि नगर में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने विशेष रूप से यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने, जुआ-सट्टा जैसे अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने और अन्य सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को मजबूत करने की बात कही। विधायक विजयपाल सिंह ने साफ चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पुलिस प्रशासन द्वारा उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों ने नगर व आसपास के क्षेत्रों में अतिक्रमण और गौशालाओं की बदहाल स्थिति का मुद्दा भी उठाया। इस पर विधायक ने कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में लाया गया है और जल्द ही इस दिशा में भी उचित कदम उठाए जाएंगे।

# विधायक कंचन तनवे ने मुख्यमंत्री से की भेंट, विकास पर चर्चा



**अनोखा तीर, खंडवा।**

विधायक कंचन मुकेश तनवे ने बुधवार को भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को खंडवा आगमन का निमंत्रण दिया, जिसे स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री ने शीघ्र आने का आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान विधायक ने खंडवा विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अधोसंरचना विकास, सड़क, पानी, बिजली सहित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं को गति देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं और लंबित कार्यों के शीघ्र निराकरण की मांग रखी। इसके साथ ही किसानों से जुड़े मुद्दों पर भी विशेष चर्चा हुई। विधायक ने सिंचाई व्यवस्था, फसल संबंधी समस्याओं और किसानों को राहत देने के उपायों पर ध्यान आकर्षित किया। मुख्यमंत्री ने सभी विषयों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। यह मुलाकात खंडवा के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# महिला आरक्षण लागू करने की मांग, कांग्रेस बैठक में उठा मुद्दा




**अनोखा तीर, खंडवा।**

जिला कांग्रेस कमेटी खंडवा शहर की समन्वय समिति की बैठक गांधी भवन में आयोजित हुई। बैठक में महिला आरक्षण बिल 2023 को शीघ्र लागू करने की मांग को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज उठाई गई। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकमत से कहा कि महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए इस बिल को जल्द लागू किया जाना आवश्यक है।

बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए मंडलम और वार्ड कमेटियों के गठन का निर्णय भी लिया गया, जिससे जमीनी स्तर पर कांग्रेस को सशक्त बनाया जा सके। बैठक में सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डिप्लोमा भूतपूर्व विद्यार्थियों को अंतिम अनुकम्पा अवसर

**अनोखा तीर, खरगोन।**

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा डिप्लोमा के भूतपूर्व विद्यार्थियों को विशेष राहत देते हुए अंतिम अनुकम्पा अवसर प्रदान किया गया है। विश्वविद्यालय के अनुसार सत्र 2010 से 2018 के बीच प्रवेश लेने वाले ऐसे विद्यार्थी, जो निर्धारित समयावधि और पूर्व अवसरों के बाद भी डिप्लोमा उत्तीर्ण नहीं कर सके हैं, वे अब अपने अनुत्तीर्ण विषयों की परीक्षा में मई-जून 2026 अथवा दिसंबर 2026 में शामिल हो सकेंगे। यह सुविधा केवल उन विद्यार्थियों के लिए मान्य होगी, जिन्होंने पाठ्यक्रम के सभी विषयों का अध्ययन पूरा कर लिया है, लेकिन कुछ विषयों में अनुत्तीर्ण रह गए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने संबंधित विद्यार्थियों से अपनी संस्था की परीक्षा शाखा से शीघ्र संपर्क करने की अपील की है। आवेदन के साथ 100 रुपए के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

## पोषण पखवाड़े में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित



**अनोखा तीर, खंडवा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बुधवार को जिले में पोषण पखवाड़े के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस वर्ष पखवाड़े की थीम जीवन के पहले 6 वर्षों में मस्तिष्क का अधिकतम विकास रखी गई है, जिसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती रत्ना शर्मा सहित सभी परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, जिला समन्वयक पोषण अभियान, जिला परियोजना सहायक एवं परियोजना समन्वयक उपस्थित रहे। इस दौरान पोषण आधारित प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय स्तर पर तैयार पौष्टिक व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को पोषण शपथ दिलाई गई तथा जनसहभागिता से पोषण अभियान को गति देने का आह्वान किया गया।

## लोक अदालत में अधिक प्रकरणों के निराकरण पर जोर



**अनोखा तीर, खंडवा।** आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से जिला न्यायालय परिसर खंडवा में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण खंडवा संजीव श्रीवास्तव ने अधिवक्ताओं से अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के जरिए पक्षकारों को शीघ्र, सुलभ और सस्ता न्याय मिलता है तथा आपसी सहमति से विवादों का स्थायी समाधान संभव होता है। विशेष न्यायाधीश एवं नेशनल लोक अदालत के संयोजक उत्सव चतुर्वेदी ने भी लोक अदालत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान का प्रभावी माध्यम बताया। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपने पक्षकारों को लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रेरित करने की अपील की। बैठक में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय योगराज उपाध्याय, जिला न्यायाधीश अनिल चौधरी, अरविंद सिंह टेकाम, आशीष प्रताप सिंह, वीरेंद्र जोशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ठाकुर प्रसाद मालवीय, जिला रजिस्ट्रार अरविंद सिंह सहित न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रविंद्र पाथरीकर एवं अन्य पदाधिकारी भी शामिल हुए।

## मोरटक्का में सड़क किनारे मिर्ची दुकानों पर प्रतिबंध

**अनोखा तीर, खंडवा।**

पुनासा के एसडीएम पंकज वर्मा ने मांधाता तहसील के ग्राम मोरटक्का माफी में जनस्वास्थ्य, जन सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सड़क के दोनों ओर लगने वाली मिर्ची की दुकानों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश में थाना प्रभारी मांधाता, ग्राम पंचायत मोरटक्का माफी तथा अतिरिक्त तहसीलदार टप्पा मांधाता को इसका सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित दुकानों की सामग्री जब्त कर दुकान हटाने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध विधि अनुसार कार्रवाई करते हुए अर्थदंड भी लगाया जाएगा।

## रेल सेवा शुरू न होने से क्षेत्र में नाराजगी

**अनोखा तीर, खंडवा/गुड़ी।**

खंडवा से अमुल्लाखुर्द तक 54 किलोमीटर रेल ट्रैक का परीक्षण हुए करीब दो वर्ष बीत जाने के बाद भी रेल सेवा शुरू नहीं होने से क्षेत्रीय लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। खासकर आदिवासी और ग्रामीण अंचल के लोगों में इसे लेकर उपेक्षा की भावना दिखाई दे रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि मीटर गेज लाइन बंद होने के बाद ब्रॉडगेज के साथ जल्द ही रेल सेवा शुरू होने की उम्मीद थी, लेकिन वर्षों बाद भी यह संभव नहीं हो सका। हालांकि ट्रैक का सफल परीक्षण किया जा चुका है, फिर भी विद्युतीकरण कार्य पूर्ण नहीं होने से ट्रेन संचालन शुरू नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधियों पर इस दिशा में पर्याप्त पहल नहीं करने का आरोप लगाया है।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि मैं विनय कुमार शर्मा पिता श्रीनारायण शर्मा ग्राम माता मोहल्ला ग्राम बीकोर पोस्ट बीकोर तहसील माखननगर (बाबई) जिला नर्मदापुरम म.प्र. का निवासी हूं। मैंनें वर्ष 1995 में कक्षा 10 वीं की परीक्षा (रोल नंबर 1754076) सरस्वती इंटर सीपरी बाजार झांसी (उ.प्र.) से उत्तीर्ण की है, जिसकी मूल प्रति गुम हो गई है। अतः 10 वीं की अंकसूची की द्वितीय प्रति प्राप्त किए जाने हेतु इश्तहार प्रकाशन किया जा रहा है।

**विनय कुमार शर्मा पिता श्रीनारायण शर्मा, ग्राम माता मोहल्ला ग्राम बीकोर, तह. माखननगर, जिला नर्मदापुरम म.प्र.**

# बिना नोटिस वाहन जब्त कर बेचने का आरोप

**अनोखा तीर, बैतूल।**

जिले में पिछले कुछ समय से फाइनेंस कंपनियों और रिकवरी एजेंटों के खिलाफ शिकायतों का सिलसिला लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में हाल ही में ग्राम कटकुही से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां आवेदक ने आरोप लगाया है कि फाइनेंस कंपनी ने बिना किसी नोटिस के उसका वाहन जब्त कर लिया और बाद में किसी अन्य को बेच भी दिया, जबकि वाहन अब भी आरटीओ बैतूल में आवेदक के नाम पर दर्ज है। आवेदक अंकित यादव, निवासी ग्राम कटकुही ने एसपी बैतूल को दिए आवेदन में बताया कि उसने जनवरी 2025 में बोलेरो वाहन फायनेंस के




माध्यम से खरीदी थी। कुछ समय तक नियमित किस्त जमा करने के बाद आर्थिक कारणों से वह समय पर भुगतान नहीं कर पाया, हालांकि बाद में उसने किस्तें जमा भी कीं। इसके बावजूद कलेक्शन एजेंट द्वारा बिना पूर्व सूचना के वाहन को भोपाल में बीच सड़क से जब्त कर लिया गया। आवेदक का आरोप है कि न तो उसे किसी प्रकार का नोटिस दिया गया और न ही वाहन जब्ती की जानकारी दी गई। बाद में पूछताछ करने पर उसे बताया गया कि वाहन को बेच दिया गया है। इस पूरी प्रक्रिया को आवेदक ने धोखाधड़ी करार देते हुए कहा है कि जब वाहन आरटीओ में अब भी उसके नाम पर दर्ज है, तो भविष्य में किसी दुर्घटना की स्थिति में उसकी जिम्मेदारी किसकी होगी, यह बड़ा सवाल है।

आवेदक ने यह भी आरोप लगाया है कि इस घटना से उसे आर्थिक नुकसान के साथ मानसिक रूप से भी प्रताड़ित होना पड़ा है। उसने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने और उसका वाहन वापस दिलाने की मांग की है। आवेदन में आवेदक ने बडोरा स्थित फायनेंस कंपनी के मैनेजर और कलेक्शन एजेंट पर बिना नोटिस वाहन जब्त कर बेच देने का आरोप लगाया है। आवेदक का कहना है कि यह पूरी कार्रवाई बिना सूचना और नियमों के विपरीत की गई, जबकि वाहन अब भी आरटीओ में उसके नाम पर दर्ज है।

# महिला आरक्षण के समर्थन में भोपाल में कांग्रेस का पैदल मार्च

**अनोखा तीर, बैतूल।**

महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने की मांग को लेकर 24 अप्रैल को भोपाल में आयोजित कांग्रेस के शांतिपूर्ण पैदल मार्च में बैतूल जिले से हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के शामिल होने की तैयारी है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा और संगठन महामंत्री बृजभूषण पांडे ने जिले के समस्त ब्लॉक, उपब्लॉक, मंडलम, प्रकोष्ठ, मोर्चा संगठन और विभागों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से इस जनआंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने युवाओं, महिलाओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपने साथियों सहित भोपाल पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाना राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को उनका



संवैधानिक अधिकार दिलाने का प्रश्न है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में बिल पारित होने के बावजूद अब तक इसे लागू नहीं करना महिलाओं के साथ अन्याय है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने इस गंभीर विषय को भी चुनावी हथकंडा बना दिया है और महिलाओं की भावनाओं के साथ छल किया है। निलय डागा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा महिलाओं के अधिकारों के पक्ष में खड़ी रही है और आगे भी उनके सम्मान और हिस्सेदारी के लिए संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने जिले के सभी कांग्रेसजनों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में भोपाल पहुंचकर इस शांतिपूर्ण पैदल मार्च में शामिल हों और महिला सशक्तिकरण की इस लड़ाई को मजबूत करें। प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार यह पैदल मार्च 24 अप्रैल को शाम 4 बजे प्लेटिनम प्लाजा, माता मंदिर भोपाल से प्रारंभ होकर रोशनपुरा चौराहा तक निकाला जाएगा। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि महिलाओं को उनका अधिकार दिलाने के लिए यह आंदोलन निर्णायक साबित होगा और इसमें व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

## सार-समाचार

### सेवा दिवस के रूप में मनाई गई पूर्व सांसद की जयंती

**● राहगीरों के लिए खोला सार्वजनिक प्याऊ**

**अनोखा तीर, बैतूल।** संसदीय क्षेत्र के अजेय सांसद, मध्यप्रदेश भाजपा के पूर्व कोषाध्यक्ष, जिला भाजपा के पितृपुरूष स्व. विजय कुमार खंडेलवाल की जन्म जयंती सेवा दिवस के रूप में मनाई गई। जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में श्री खंडेलवाल के पारिवारिक मित्र, परिजन एवं पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ने स्व. श्री खंडेलवाल के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलन कर माल्यार्पण करते हुए श्रृद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर राहगीरों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था हेतू प्याऊ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि बाबूजी के बताए मार्ग पर चलते हुए आज जिले में




भाजपा सशक्त हुई है। उनके विकास के दृष्टिकोण ने हमारे जिले को मध्यप्रदेश के मानचित्र पर सही पहचान दिलाने का कार्य किया है। बाबूजी हर परिस्थिती में संघर्ष को सफलता का मंत्र बताते थे। आज भी बाबूजी की बातें हर कार्यकर्ता और पदाधिकारी का मार्ग दर्शन करती है। इस अवसर पर मुकेश खंडेलवाल, प्रदीप खंडेलवाल, प्रदीप गंगवानी, रमेश मिश्रा, मूरारी कपूर, राकेश द्विवेदी, परमानंद खंडेलवाल, नंदराम जसूजा, इंद्रजीत मेहता, पूर्व सांसद ज्योति धुर्वे, पूर्व जिलाध्यक्ष शिवप्रसाद राठौर, विधायक डॉ.योगेश पंडाग्रे, मोहित गर्ग, राजेन्द्र साहू, अमित पटेल, सतीश पाठा, भगवत चढोकार, जिला महामंत्री कमलेष सिंह, कृष्णा गायकी, जिला उपाध्यक्ष इंद्रपाल पुंडे, रश्मि साहू, नरेश फाटे, आनंद प्रजापति, अतीत पंवार, अभिजर हुसैन, ममता मालवी, कोषाध्यक्ष दीपक सलूजा, मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा, विक्रम वैद्य, नीतू पटेल, गोवर्धन राने, डॉ. अरूण जयसिंगपुरे, पिंटू परिहार, दिलीप जावंजाल, भावेश चढोकार सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, समाजसेवी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आंगनवाड़ी केंद्र टिगरिया में लगाई व्यंजन प्रदर्शनी

**अनोखा तीर, बैतूल।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बैतूल ग्रामीण अंतर्गत सेक्टर-2 के आंगनबाड़ी केंद्र टिगरिया में बुधवार को पोषण पखवाड़ा के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम जीवन के पहले 6 वर्ष में मस्तिष्क का अधिकतम विकास निर्धारित की गई है, जिसके अंतर्गत बच्चों के समग्र विकास और पोषण




के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय पर्यवेक्षक श्रीमती अर्चना तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र में मोटे अजानों से बनाई गई व्यंजन प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें महिलाओं के द्वारा मोटे अनाज बाजार व रागी की इडली, मुनगे के पराठे, मिक्स खिचड़ी, मक्के व बाजरे के अप्पे, मिक्स अनाजों के पराठे शामिल है। इस अवसर सेक्टर की कार्यकर्ताएं और ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही।

### उत्कृष्ट विद्यालय के पूर्व छात्र रहे एसपी ने छात्र-छात्राओं से की चर्चा

**अनोखा तीर, देवास।** पुलिस अधीक्षक जो स्वयं उत्कृष्ट विद्यालय के पूर्व छात्र रहे चुके है उनके द्वारा आज उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र–छात्राओं से आत्मीय मुलाकात की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के लिए सराहा गया। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष उत्कृष्ट विद्यालय देवास ने शानदार प्रदर्शन किया



है। कक्षा 10वीं में जिले के टॉप–10 में से 5 छात्र इसी विद्यालय के रहे हैं, वहीं कक्षा 12वीं में भी टॉप–10 में से 3 विद्यार्थियों ने अपना स्थान बनाया है। साथ ही राज्य स्तरीय मेरिट सूची में भी कक्षा 10वीं एवं 12वीं से एक–एक विद्यार्थी ने स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा इन मेधावी विद्यार्थियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया गया एवं उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस दौरान गणित, बायोलॉजी, साइंस, कॉमर्स सहित विभिन्न स्ट्रीम के विद्यार्थी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा विद्यार्थियों को सीए, एमबीबीएस, आईआईटी एवं अन्य प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई, तथा उन्हें यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं के बारे में भी बताया गया। मुलाकात के पश्चात सभी छात्र–छात्राओं को पुलिस कंट्रोल रूम का भी भ्रमण कराया गया, जिससे उन्हें पुलिस कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त हुई।

# ऑपरेशन हवालात के तहत 6 आरोपी गिरफ्तार

**अनोखा तीर, देवास।**

जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन हवालात के तहत देवास पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना उदयनगर क्षेत्र से 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत द्वारा 1 नवंबर 2024 से पूरे जिले में इस विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। अभियान के तहत अशांति फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरनारायण बाथम के मार्गदर्शन और एसडीओपी बागली संजय सिंह बैस के निर्देशन में थाना प्रभारी उदयनगर उप निरीक्षक विजेंद्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने वाले कुल 6 आरोपियों को धारा 170/2026 के तहत गिरफ्तार किया। सभी आरोपियों को तहसील न्यायालय में पेश किया गया, जहां माननीय तहसीलदार द्वारा जेल वारंट जारी किए जाने पर उन्हें जेल भेज दिया गया।

गिरफ्तार आरोपी इस प्रकार हैं- संतोष पिता गुलाब, निवासी मिर्जापुर, जीवन सिंह पिता हजारीलाल, निवासी भडक्, महेश पिता अमरसिंह, निवासी हीरापुर, प्रभु पिता गोपाल, निवासी सिवनपानी, प्रकाश पिता फूलसिंह, निवासी सिवनपानी, रवि पिता अमरसिंह, निवासी केवटियापानी। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर सकारात्मक संदेश गया है।



# धूमधाम से मनाई जगतगुरु आदि शंकराचार्य की जयंती

**अनोखा तीर, इटारसी।**

जगतगुरु आदि शंकराचार्य की जयंती बुधवार को इटारसी में श्रद्धा, उत्साह और भक्ति के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस पावन अवसर पर दशनाम गोस्वामी युवा संगठन इटारसी द्वारा द्वारकाधीश मंदिर से एक शोभायात्रा निकाली गई। युवाओं ने पीले वस्त्र धारण कर हाथों में केसरी ध्वज लेकर शोभायात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। घोड़ों, ढोल-ढमाकों और डीजे की धुन पर निकली यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों आठवीं लाइन, सराफा बाजार, नीमवाड़ा, जयस्तंभ चौक और चिकमंगलूर चौराहे से गुजरते हुए भक्तिमय माहौल में आगे बढ़ी। मार्ग में जगह-जगह स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा में जगतगुरु आदि शंकराचार्य जी की प्रतिमा आकर्षण का मुख्य केंद्र रही।

समाज के महिला-पुरुष डीजे और ढोल की लय पर उत्साहपूर्वक थिरकते नजर आए। शोभायात्रा का समापन पंडित भवानीप्रसाद मिश्र ऑडिटोरियम में हुआ, जहां जगतगुरु आदि शंकराचार्य जी की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संत नित्यानंद महाराज, महंत कमल गिरी महाराज, महंत रामप्रसाद पुरी, श्री शंभू पंच दसनाम आह्वान अखाड़ा के थानापति एवं राहुल चौरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान इन संतों का माल्यार्पण एवं शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में दशनाम गोस्वामी युवा संगठन के अध्यक्ष मिथिलेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि इस अवसर पर 10वीं एवं 12वीं कक्षा के 10-10 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इनमें पल्लवी गोस्वामी, प्रिया गोस्वामी, पूजा गोस्वामी, ऋषि गोस्वामी सहित अन्य छात्र-छात्राएं शामिल रहीं। समाज के बुजुर्गों का भी इस अवसर पर सम्मान किया गया।

# आयुक्त ने राजस्व वसूली की समीक्षा की कचरा संग्रहण वसूली पर किया फोकस

**अनोखा तीर, देवास।** निगम सीमा क्षेत्र में स्थित भवन भूमि के संपत्तिकर, जलकर एवं कचरा संग्रहण वसूली को लेकर आयुक्त दिलीप कुमार ने बैठक आहूत कर संबंधित नाकेदारों को दिशा निर्देश दिए। आयुक्त ने पूरी राजस्व टीम को उनकी लगन एवं मेहनत से लक्ष्य से अधिक वसूली पर बधाई दी।


आयुक्त ने निरंतर राजस्व वसूली को लेकर सभी नाकेदारों को करंट डिमांड सुधारने पर फोकस करने को कहा। उन्होंने बताया कि जीआईएस सर्वे अनुसार 1200 प्रॉपर्टी ऐसी हैं जिन्हें चिन्हित नहीं किया गया है और न ही उनके खाते खोले गए हैं। इन्हें चिन्हित कर मौके पर नपती करें तथा डिफरेंस वाली प्रॉपर्टी का कुल एरिया निकालकर उनके खाते खुलवाकर राशि जमा करवाएं। जिन वार्डों से वसूली प्रभावित हुई है उन वार्डों पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए सुधार के लिए पूरी मेहनत करने के निर्देश दिए। वसूली का प्रतिशत बढ़ाने के लिए इन कमजोर वार्डों में बकायादारों से सतत संपर्क कर वसूली करें। वार्ड से राजस्व वसूली का पूरा प्लान बनाएं, टारगेट फिक्स करें तथा वार्डों में प्रॉपर्टी चिन्हित करें। जिन प्रॉपर्टियों की बकाया राशि जमा नहीं हुई है उन पर कुर्की की कार्रवाई प्रस्तावित करने को कहा।

निर्धारित लक्ष्य अनुरूप कचरा संग्रहण शुल्क में प्रगति नहीं होने पर आयुक्त ने अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने वसूलीकर्ताओं को दिए गए लक्ष्य के अनुरूप वसूली नहीं आने पर वेतन रोके जाने की चेतावनी दी। आयुक्त ने कहा कि माह के 10 दिवस शेष हैं, मेहनत करें। दी गई पीओएस मशीन से कचरा संग्रहण वसूल करें। कचरा संग्रहण शुल्क वसूली के दिए गए लक्ष्य अनुरूप वसूली नहीं करने पर वेतन आहरण नहीं किया जाएगा।

# स्वच्छता पर सख्ती, सीएमओ का सुबह-सुबह औचक निरीक्षण

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।**

शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगरपालिका प्रशासन सक्रिय नजर आ रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती हेमेश्वरी पटले ने सुबह पूरे नगर का औचक निरीक्षण किया और सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने स्वच्छता शाखा के कर्मचारियों की उपस्थिति जांची और उन्हें कार्य में लापरवाही न बरतते हुए तेज गति से सफाई कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शहर की साफ-सफाई में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान श्रीमती पटले ने नगर के प्रमुख पार्कों का भी निरीक्षण




किया। उन्होंने पार्कों की साफ-सफाई, हरियाली और अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन कर उन्हें व्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने के निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए। इसके अलावा घाटों पर पहुंचकर उन्होंने वहां की सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया और नियमित सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव और सीएमओ हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर पूरे नगर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज मंगलवारा घाट, वार्ड क्रं. 02 तथा पं. भवानी प्रसाद मिश्र पार्क का निरीक्षण किया गया।

सीएमओ पटले ने बताया कि नगर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए प्रतिदिन अलग-अलग क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसके लिए नगर को चार जोनों में विभाजित किया गया है और प्रत्येक जोन के लिए अलग प्रभारी नियुक्त किए गए हैं, जो नियमित रूप से निगरानी कर रहे हैं।

# एंबुलेंस में लगी आग, टली बड़ी घटना



**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।**

निजी अस्पताल जा रही एंबुलेंस में अचानक आग लग गई। घटना नर्मदापुरम रोड पर ग्राम सवालखेड़ा के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार एंबुलेंस से अचानक धुआं उठने लगा। ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत मरीज को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद देखते ही देखते एंबुलेंस ने आग पकड़ ली। आग बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन तेजी से फैलने के कारण एंबुलेंस पूरी तरह जलकर खाक हो गई। मरीज को दूसरी एंबुलेंस से नर्मदापुरम भेजा गया। पुलिस ने बताया कि आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है, मामले को जांच में लिया गया है।

# न्यायालय परिसर में पानी की गंभीर समस्या



**अनोखा तीर, इटारसी।** न्यायालय परिसर में गर्मी के दिनों में पानी की समस्या गंभीर हो जाती है। इस गंभीर समस्या का निदान अब हो गया है, अधिवक्ता संघ इटारसी के संरक्षक व हमारे लोकप्रिय विधायक डॉ. सीता शरण शर्मा ने संघ के अध्यक्ष रमेश राजपूत के निवेदन पर विगत दिनों समर्सिबल पंप का उत्खनन कराया था। उत्खनन के बाद उक्त सबमर्सिबल में मोटर लगाए जाने को लेकर संघ के अध्यक्ष रमेश राजपूत ने विधायक महोदय से व्यक्तिगत निवेदन करने पर तत्काल विधायक द्वारा अपनी निधि से मोटर लगवाने का निर्देश निज सचिव व हमारे संघ के साथी अधिवक्ता विनोद चौहान को निर्देश किए जाने पर विनोद चौहान द्वारा तत्काल सबमर्सिबल पंप में मोटर लगवाई गई। उक्त नया पंप आति शीघ्र प्रारंभ होगा जिस से न्यायालय परिसर में पानी की समस्याओं से निजात मिल जाएगी। उक्त पंप से आने वाले समय में भी न्यायालय परिसर में पानी की समस्या समाप्त हो जाएगी, नए सबमर्सिबल पंप में मोटर लगाए जाने पर संघ के अध्यक्ष रमेश राजपूत, सचिव पारस जैन, उपाध्यक्ष श्रीमती ममता नागेश एवं मनीष बाजपेई, कोषाध्यक्ष राजेश चौरे सहसचिव विजय दुबे, ग्रंथपाल कंचन मेहरा कार्यकारिणी सदस्य जयप्रकाश शुक्ला, राघवेंद्र पांडे, अनुराग चौरे, शासकीय अधिवक्ता भूरे सिंह भदोरिया, जिनेंद्र जैन, ने संघ के संरक्षक एवं विधायक माननीय डॉ. सीता शरणशर्मा का अधिवक्ता परिवार इटारसी की ओर से हृदय से आभार व्यक्त किया है।

*स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। प्रधान संपादक सुरेश लोहाना / संपादक प्रहलाद शर्मा / प्रबंध संपादक महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।*

# सर्वब्राह्मण समाज महिला इकाई द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

● तात्कालिक भाषण में महिलाओं ने रखे अपने विचार

● किशोरी बालिकाओं ने देवीय स्वरूप में सजकर दी प्रस्तुति






**अनोखा तीर, हरदा।** सर्वब्राह्मण समाज संगठन द्वारा पांच दिवसीय परशुराम जन्मोत्सव के अंतर्गत बुधवार को बाविसा ब्राह्मण समाज धर्मशाला में महिला इकाई द्वारा किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए प्रतियोगिताएं रखी गई। इस दौरान महिलाओं द्वारा तात्कालिक भाषण में अपने विचार प्रस्तुत किए गए, वहीं नृत्य की प्रस्तुतियों पर उन्हें खूब सराहना मिली। सर्वब्राह्मण समाज महिला इकाई की अध्यक्ष विनीता राजोरिया ने बताया कि महिलाओं ने पारिवारिक मूल्य, ब्राह्मण एकता, युद्ध के दुष्परिणाम, सामाजिक विकास में नारी का योगदान, स्त्री शिक्षा का महत्व, बच्चों को मोबाइल से दूर करने के उपाय एवं अगला प्रधानमंत्री महिला हो तो, विषय पर अपने सारगर्भित विचार रखे। किशोरी बालिकाओं ने देवीय स्वरूप में सजकर अपनी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिताओं में शीतल उपरीत, तेजल परुलकर, मीनाक्षी तिवारी, स्वाति खेमरिया, निशा तिवारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। अंत में आभार सचिव अदिति गुरु ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अश्लेषा शुक्ला ने किया। कार्यक्रम के दौरान सुनीता जोशी, पुष्पा शर्मा, शानू शर्मा, प्रीति शर्मा, अश्लेषा शुक्ला, मनीषा डाले, कंचन शर्मा ने प्रतियोगिता में प्रभारी का दायित्व निभाया।

**किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा :** महिला वर्ग नृत्य विधा में शिवानी तिवारी प्रथम, पूर्णिमा तिवारी द्वितीय, ममता पाराशर तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं नृत्य बालिका वर्ग में सूक्ति पारे ने पहला, अवनी उपाध्याय ने दूसरा, उर्वशी पाराशर एवं महिमा शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। तात्कालिक भाषण महिला वर्ग में रीना शुक्ला ने पहला, मेघा गोरखे ने दूसरा, शोभा काशिव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**आज होगा रक्तदान एवं ड्राइविंग लाइसेंस शिविर :** सर्वब्राह्मण समाज युवा इकाई द्वारा आज सुबह 10 बजे से मां रेवा गार्डन में रक्तदान शिविर एवं ड्राइविंग लाइसेंस शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर प्रभारी प्रशांत शर्मा, प्रतीक शर्मा एवं कान्हा जोशी ने बताया कि 23 अप्रैल को रक्तदान शिविर एवं सर्व समाज के लिए ड्राइविंग लाइसेंस शिविर आयोजित किया जाएगा। महिलाओं के लिए ड्राइविंग लाइसेंस शिविर निशुल्क होगा। युवा इकाई सचिव नवीन शर्मा ने बताया कि महिलाएं अपना आधारकार्ड जो मोबाइल नम्बर से लिंक हो वह लेकर आए। युवा इकाई अध्यक्ष विवेक बादर, सुदीप मंडलोई ने सभी से रक्तदान के साथ ड्राइविंग शिविर का लाभ लेने का आग्रह किया है।

## सार-समाचार

### पेंशनर्स ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**अनोखा तीर, हरदा।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के आदेशानुसार तथा आरबी सगर, प्रदेश मीडिया प्रभारी के नेतृत्व में जिला इकाई हरदा द्वारा 9 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार के समक्ष अपनी समस्याएं रखी गई। पेंशनर्स ने अपनी आर्थिक स्थिति को लेकर हो रहे नुकसान से अवगत कराते हुए महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कड़ी धूप के बावजूद बड़ी संख्या में पेंशनर्स एकत्रित हुए और नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। पेंशनर्स ने सरकार के प्रति अपना आक्रोश भी व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रदेश मीडिया प्रभारी आरबी सगर, प्रांतीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मुकाती, संभागीय अध्यक्ष जीआर गौर, नर्मदा प्रसाद गौर, मालती पालीवाल, हरिराम मंडराई, रमेश मसकोले, सेलेन्द्र बांके, मोहनलाल पाटिल, बीएल गुजर, नर्मदा प्रसाद धनगर, मोहनलाल सोनी, सखाराम उमरिया, ओमप्रकाश राठौर, उमेदसिंग चौहान, मिलन वाचपाई, कन्हैयालाल खोरे, राजेंद्र उपाध्यक्ष, तुसार राय, नर्मदा गौर, नीलकंठ विश्वकर्मा, हनीफ खान, यूसुफ खान, नागेश, मंजूला मित्तल, पुरषोत्तम तिवारी सहित जिले के अनेक पेंशनर्स उपस्थित रहे।

# बदलते मौसम में खान-पान का रखें विशेष ध्यान, लू से बचें

**अनोखा तीर, हरदा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने आमजनों को सलाह दी है कि वे बदलते मौसम में खान-पान का ध्यान रखें। ताजा और हल्का भोजन ही खाएं, जंक फूड खाने से बचें, पानी अधिक मात्रा में पिएं, फलों का सेवन करें, चाय, कॉफी, गैस वाले पेय पदार्थों का सेवन नहीं करें, लू से बचें गर्मियों में बाहर घूमने जाएं तो अपना विशेष ध्यान रखें, पीने का पानी, जूस साथ रखें और हाइड्रेटेड रहें, पतले, ढीले सूती वस्त्र पहनें, अपने सिर को छाते, टोपी, तौलिया आदि से ढक लें, ताकि धूप के सीधे संपर्क में आने से बचा जा सके, नंगे पांव बाहर न निकलें, अपना ध्यान रखें, लू से बचें। उन्होने बताया कि लू लगने के कारण होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है यदि आप या कोई भी अन्य व्यक्ति लू के कारण होने वाले तनाव के लक्षणों का अनुभव करता है, तो तत्काल चिकित्सक से संपर्क करें।

### लू लगने के संकेत

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिंह ने बताया कि लू लगने के कारण होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है। यदि कोई भी व्यक्ति लू के कारण होने वाले तनाव के लक्षणों का अनुभव करता है तो तत्काल चिकित्सक से संपर्क करें। उन्होने बताया कि चक्कर आना, जी मचलाना, अत्यधिक प्यास लगना, पेशाब कम होना, सिरदर्द, हॉफना और दिल की धड़कन तेज होना आदि लक्षण लू लगने के संकेत होते है।

### डिहाइड्रेशन के लक्षण

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिंह ने बताया कि डिहाइड्रेशन अर्थात निर्जलीकरण के लक्षण सांस लेने में तकलीफ, होंठ सूखना या खून आना, स्किन ड्राई होना, सिर दर्द, सुस्ती और थकान, एकाग्रता में कमी, कब्ज, सांस में बदबू आना, मांसपेशियों में दर्द, पेशाब कम होना या उसका रंग बदलना, शरीर में पानी की कमी होने पर होती है। यह स्थिति तब पैदा होती है, जब शरीर से निकलने वाले पानी की मात्रा दिनभर में ली जाने वाली पानी की मात्रा से अधिक हो जाती है। व्यक्ति विशेष और शरीर में पानी की मौजूदगी के आधार पर समस्या की गंभीरता कम या ज्यादा हो सकती है। डिहाइड्रेशन अर्थात निर्जलीकरण से बचाव के उपाय लिये तरबूज, खरबूज, संतरा जैसे रसदार फल अधिक मात्रा में खाएं, ओरआरएस का घोल पिएं, नींबू पानी, छाछ, आम पन्ना, नारियल पानी या फ्रेश जूस पिएं, घर से बाहर निकलते वक्त पानी की बोतल साथ में लेकर जाएं, लगातार पानी पीते रहें, चाय-कॉफी अथवा गर्म पेय का सेवन करने से बचें।

# सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में खराब प्रदर्शन पर भड़के कलेक्टर

### एसडीएम टिमरनी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार का एक सप्ताह का वेतन रोका



**अनोखा तीर, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने आमजन से जुड़ी शिकायतों के निराकरण के लिए सरकार के सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का अधिकारियों द्वारा उचित निराकरण नहीं किये जाने पर गंभीर आपत्ति व्यक्त की है। उन्होने दर्ज शिकायतों के निराकरण में खराब प्रदर्शन पाये जाने पर एसडीएम टिमरनी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार रहटगांव का एक सप्ताह का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह हरदा एवं खिरकिया जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के प्रदर्शन को भी संतोषजनक नहीं माना गया है। सोमवार को आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री जैन का दो टूक कहना था कि यदि सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का उचित निराकरण नहीं किया जाता है, तो फिर यह गंभीर प्रश्न चिन्ह है कि आम आदमी अपनी शिकायतें लेकर कहां जाए। उन्होने अधिकारियों को सख्त लहजे मे चेतावनी दी कि वे प्रत्येक शिकायत की गहराई तक जाएं एवं उसका समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि विगत दिनों भ्रमण के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जिले को एक फायर ब्रिगेड उपलब्ध कराने की घोषणा पर शासन द्वारा अमल किया गया है। इसके तहत जिले को एक और फायर ब्रिगेड की स्वीकृति मिल गई है। बैठक में कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्रों में प्लास्टिक के उपयोग पर सख्ती से प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में हाट बाजारों में प्लास्टिक का कचरा फैलाने वालों पर रोक लगाने के लिए सौर ऊर्जा चलित सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आदेशित किया। बैठक में उन्होने हरदा के बस स्टेण्ड पर मुसाफिरों के लिए छाया एवं पानी के समुचित प्रबन्ध करने के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देश दिए। बार-बार निर्देशों के बावजूद नगरीय क्षेत्रों में दुकानदारों एवं स्ट्रीट वेंडर्स द्वारा डस्टबिन नहीं रखे जाने पर कलेक्टर ने कहा कि इस दिशा में कार्यवाहीं नहीं होने पर संबंधित मुख्य नगरपालिका अधिकारी जिम्मेदार होंगे। हरदा नगरीय क्षेत्र में खाली पड़े प्लाटों पर कचरा फैकने की निरन्तर आ रही शिकायतों के दृष्टिगत कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार को निर्देशित किया कि इस तरह के कचरा फैकने वालों पर जुर्माना लगाएं। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगरीय क्षेत्रों के मकानों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित नहीं किये जाने पर भी कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होने कहा कि संबंधित अनुविभागीय राजस्व अधिकारी मकानों पर वाटर हार्वेस्टिंग लगाने की व्यवस्था का निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने स्कूलों में पानी की टंकियों की नियमित सफाई पर भी बैठक में जोर दिया। उन्होने कहा कि प्रत्येक टंकी पर सफाई की दिनांक भी अंकित करवाई जाए। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री, राजस्व वसूली, सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा एवं संकल्प से समाधान योजना की भी कलेक्टर द्वारा साप्ताहिक समीक्षा की गई।

### जनगणना अंतर्गत सभी से स्वगणना किए जाने की अपील

बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने सभी अधिकारी कर्मचारियों से जनगणना 2027 अंतर्गत 30 अप्रैल तक की जा रही स्वगणना में रूचि लेकर ऑनलाइन स्वगणना करने की अपील की। उन्होने कहा कि विभागों से संबंधित जनप्रतिनिधियों से भी स्वगणना करवाई जाए। इसके अलावा उपार्जन केन्द्रों पर आ रही किसानों से भी उपार्जन केन्द्रों पर स्वगणना करवा ली जाए। साथ ही विभिन्न विभागों के सम्पर्क में आने वाले नागरिकों को भी स्वगणना के लिये प्रेरित किया जाए। बैठक में अधिकारियों को स्वगणना करने का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। इस दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजली जोसेफ जोनाथन, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक कुमार डेहरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# ब्राउन शुगर के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार




**अनोखा तीर, हरदा।** जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ब्राउन शुगर सहित अन्य सामग्री जब्त की है। पुलिस अधीक्षक शंशाक सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी शालिनी परस्ते के मार्गदर्शन में हंडिया थाना पुलिस ने कार्रवाई की। 21 अप्रैल को मुखबिर सूचना पर ग्राम राताातलाई स्थित हनुमान टेकरी मंदिर के पास घेराबंदी कर गोविंद सांकला, सोनू उर्फ सोहन कहार और रूपेश गुर्जर को पकड़ा गया। तलाशी में आरोपियों के पास से 7.17 ग्राम ब्राउन शुगर, एक मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल फोन, 14 हजार रुपये नगद तथा इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा जब्त किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में गोविंद द्वारा मादक पदार्थ बेचना और अन्य दोनों द्वारा खरीदना सामने आया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दक्षिण तट पर स्थित यक्षराज कुबेर द्वारा स्थापित चमत्कारी शिव मंदिर

### पांच शताब्दी पूर्व का है यह कछुआ की आकृति का शिव मंदिर





**बलवीर सिंह, खत्री हंडिया।** पुण्य सलिला मां नर्मदा के दक्षिण तट पर स्थित रिद्धनाथ महादेव मंदिर अपनी अद्भुत वास्तुकला और धार्मिक महत्व के कारण श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र बना हुआ है। यह प्राचीन शिव मंदिर कछुए के आकार का दिखाई देता है, जिसे पौराणिक दृष्टि से लक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है। मंदिर को लेकर मान्यता है कि इसका निर्माण यक्षराज कुबेर द्वारा कराया गया था। मंदिर परिसर में सभा मंडप के चारों ओर 18 तिलस्मी पुतलियां द्वारपाल के रूप में स्थापित हैं, जिनके बारे में कहा जाता है कि वे शिवभक्तों को शिव के आदेश के बाद ही प्रवेश की अनुमति देती हैं। सभा मंडप के ऊपर विभिन्न मुद्राओं में देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित हैं, जो इसकी कलात्मकता को और आकर्षक बनाती हैं। मंदिर के शिखर पर 12 गुंबद बने हुए हैं, जो 12 ज्योतिर्लिंगों के प्रतीक माने जाते हैं। ऐसी मान्यता है कि यहां दर्शन करने से श्रद्धालुओं को 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन के समान पुण्य फल प्राप्त होता है। यह मंदिर राज्य शासन द्वारा संरक्षित घोषित है। मंदिर के समीप स्थित नर्मदा नदी का 'नाभि कुंड' विशेष महत्व रखता है, जिसे नर्मदा का मध्य बिंदु माना जाता है। यहां स्नान करने से रोगों के नाश की मान्यता है। नर्मदा परिक्रमा करने वाले श्रद्धालु इस स्थल को विशेष रूप से महत्वपूर्ण मानते हैं और वर्षभर यहां तीर्थयात्रियों का आवागमन बना रहता है। रिद्धनाथ महादेव मंदिर अपनी स्थापत्य कला और धार्मिक महत्व के कारण पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंद्र है, लेकिन पर्याप्त सुविधाओं के अभाव में यह स्थल उपेक्षित बना हुआ है। क्षेत्रवासियों ने कई बार जनप्रतिनिधियों को हंडिया को पर्यटन क्षेत्र घोषित करने की मांग से अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका है। क्षेत्र के लोगों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से हंडिया तहसील को पर्यटन नगरी घोषित करने और नगर परिषद की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है।



# अवैध गांजा तस्करी के दो आरोपी पकड़ाए

### आरोपियों के पास से 2 किलो गांजा सहित कार जब्त

**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने अवैध गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 2 किलो से अधिक गांजा, एक कार सहित अन्य सामग्री जब्त की है, जिसकी कुल कीमत करीब 8.30 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस को मुखबिर से ग्राम रन्हाई में गांजे के अवैध कारोबार की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस ने दबिश देकर ग्राम रन्हाई निवासी अखिलेश पिता रामकृष्ण पटवारे (45) को पकड़ा। उसके पास से 1 किलो 71 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत करीब 15 हजार रुपए बताई गई है। एसडीओपी शालिनी परस्ते के अनुसार, आरोपी अखिलेश से पूछताछ में उसने बताया कि वह गांजा नर्मदापुरम जिले के शिवपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अर्चनागांव निवासी संतोष पिता भारतसिंह कीर (34) से खरीदकर लाया था।

**फोरलेन पर घेराबंदी, दूसरा आरोपी भी पकड़ा:** पुलिस ने जानकारी के आधार पर अबगांवखुर्द के पास फोरलेन रोड पर घेराबंदी कर संतोष कीर को उसकी कार सहित पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 1 किलो 138 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार, संतोष के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने दोनों आरोपियों से कुल 2 किलो 209 ग्राम गांजा और एक सफेद हुंडई कार कीमत करीब 8 लाख रुपये सहित कुल 8 लाख 30 हजार 500 रुपये का मशरूका जब्त किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।